● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 138, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 26 जून 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

देश की जनता से माफी मांगे कांग्रेस : योगी 5

रोहित शर्मा ने रचा इतिहास 6

लोकसभा स्पीकर पर सहमति नहीं, आज चुनाव होगा

नई दिल्ली। संसद सत्र का दूसरा दिन भी नारों और विवादों के साथ खत्म हुआ। कांग्रेस ने डिप्टी स्पीकर पद की मांग की, इस पर भाजपा ने जवाब नहीं दिया। नाराज विपक्ष ने एनडीए के स्पीकर कैंडिडेट ओम बिरला के खिलाफ के. सुरेश को उतार दिया। कल (26 जून) वोटिंग सुबह 11 बजे से होगी। भाजपा-कांग्रेस ने सांसदों को व्हीप भी जारी कर दिया।

सत्र के दूसरे दिन लोकसभा के 7 सांसदों ने शपथ नहीं ली। इनमें अमृतपाल सिंह और रशीद इंजीनियर जेल में हैं। इनके अलावा कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी शपथ नहीं ली। अगर इन सांसदों ने 26 जून को शपथ नहीं ली तो ये स्पीकर के चुनाव में वोटिंग नहीं कर पाएंगे। सांसदों के शपथ के दौरान राहुल गांधी ने जय

हिन्द और जय संविधान का नारा लगाया। हैदराबाद से एआईएमआईएम के सांसद ने जय फिलिस्तीन का नारा लगाया। वहीं बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने हिन्दू राष्ट्र की जय का नारा लगाया। अयोध्या से सपा सांसद अवधेश राय ने शपथ ली तो जय अयोध्या, जय अवधेश के नारे लगे। चर्चा मणिपुर को लेकर भी रही।

संसद सत्र का दूसरा दिन शुरू होने से पहले ही स्पीकर को लेकर खबरें सामने आने लगीं। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को फोन किया और एनडीए कैंडिडेट के लिए समर्थन मांगा। खड़गे ने कहा- डिप्टी स्पीकर का पद दीजिए, समर्थन देंगे।

राहुल संसद पहुंचे और मीडिया से कहा- राजनाथ जी ने खड़गे जी को फोन किया था। हमने अपनी मांग रखी है। राजनाथ जी ने फोन करने को कहा था, लेकिन अब तक जवाब नहीं आया। जब राजनाथ सिंह से इस पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा- खड़गे जी सीनियर लीडर हैं, मैं उनका सम्मान करता हूं।

विपक्ष के मान-मनौवल के बीच ओम बिरला ने स्पीकर पद के लिए एनडीए प्रत्याशी के तौर पर सुबह 11:30 बजे 10 सेट में नामांकन दाखिल किया। इसी दौरान गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा के अलावा जदयू के ललन सिंह, टीडीपी के राम मोहन नायडू और चिराग पासवान मौजूद थे। कांग्रेस ने भी बिरला के खिलाफ के. सुरेश को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की। कुछ देर बाद कांग्रेस के कुछ सांसदों के साथ सुरेश ने 3 सेंट में नामांकन भी दाखिल कर दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि देखते जाइए क्या-क्या होता है। टीएमसी नाराज दिखी। सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा- फैसला एकतरफा है।

संसद सत्र के दूसरे दिन सांसदों के शपथ की भी खूब चर्चा हुई। हैदराबाद से एआई एमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने जय भीम, जय मीम और जय फिलिस्तीन का नारा लगाया। भाजपा के बरेली से सांसद छत्रपाल गंगवार ने जय हिन्दू राष्ट्र का नारा लगाया। इसे रिकॉर्ड से हटा दिया गया।

मथुरा से बीजेपी सांसद हेमा मालिनी ने राधे राधे से शपथ की शुरुआत की।

मोहन यादव सरकार का बड़ा फैसला

52 साल बाद अब सीएम, मंत्री अपनी जेब से भरेंगे अपना इनकम टैक्स

भोपाल। मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने 52 साल पुराना नियम बदल दिया है। अब राज्य के मुख्यमंत्री और मंत्रियों को अपनी आय पर आयकर अपनी जेब से चुकाना होगा। इसमें अब तक सरकारी खजाने से जो मदद मिलती थी, वह आगे नहीं मिल सकेगी। यानी जनता की जेब से टैक्स वसूलकर मंत्रियों का टैक्स चुकाने के नियम को खत्म कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ही कैबिनेट के सामने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के वेतन-भत्तों पर लगने वाले आयकर को राज्य सरकार के खजाने से भरने के नियम को बदलने का प्रस्ताव किया। मंत्रियों ने मेज थपथपाकर इस प्रस्ताव को स्वीकार

किया और मंजूरी दी। इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद अब मुख्यमंत्री और मंत्री को मिलने वाले वेतन और भत्तों पर लगने वाले आयकर को उन्हें ही अपनी जेब से भरना होगा। इससे पहले 1972 में बना नियम लागू था। इसके तहत मुख्यमंत्री और मंत्रियों को मिलने वाले वेतन-भत्तों पर टैक्स राज्य सरकार के खजाने से चुकाया जाता था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि हमने निर्णय किया है कि हमारे मंत्रीगण अपना स्वयं का आयकर चुकाएंगे। इसके लिए वे शासन से कोई वित्तीय सहायता नहीं लेंगे। इस दृष्टि से 1972 के नियम में बदलाव किया जा रहा है। मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, मंत्री, विधानसभा उपाध्यक्ष और राज्यमंत्री का आयकर जमा करने के लिए बजट में एक करोड़ रुपये का प्रावधान है।

इमरजेंसी लगाने वाले संविधान पर प्यार न जताएं : पीएम

नई दिल्ली। इमरजेंसी की आज 49वीं बरसी है। इससे एक दिन पहले 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में विपक्षी सांसदों ने संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली थी। इसे लेकर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि इमरजेंसी लगाने वालों को संविधान पर प्यार जताने का अधिकार नहीं है।

पीएम मोदी ने एक के बाद एक एक्स पर चार पोस्ट किए। उन्होंने कहा जिस मानसिकता की वजह से इमरजेंसी लगाई गई, वह आज भी इसी पार्टी में जिंदा है।

इसके जवाब में कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि देश को दूसरी इमरजेंसी से बचाने के लिए जनता से इस बार वोट किया है। हमारे संविधान ने ही जनता को आने वाली एक और इमरजेंसी रोकने की याद दिलाई है। चिदंबरम ने कहा कि जनता ने इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के मंसूबों को कम करने के लिए वोट किया है। जनता ने इस तरह का मतदान कर कहा है कि कोई भी शासक संविधान के मूल ढांचे को नहीं बदल सकता है। भारत एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश बना रहेगा। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा कि इंदिरा गांधी में साहस था। उन्होंने घोषित आपातकाल लगाया था, लेकिन देश में 10 साल अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। किसान शहीद हो रहे हैं, मीडिया को दबा दिया गया है। विपक्ष के लोग अगर सवाल करते हैं तो उन्हें जेल भेज दिया जाता है।

अमरनाथ यात्रा- 3 दिन शेष, जम्मू पहुंचने लगे साधु

जम्मू। 52 दिन चलने वाली अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। इसमें महज 3 दिन बाकी हैं। यात्रा की शुरुआत से पहले ही साधु-संत जम्मू पहुंचने लगे हैं। मंगलवार को रू मनोज सिन्हा, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने बालटाल बेस कैंप पहुंचे। जहां उन्होंने 100 बेड के हॉस्पिटल का उद्घाटन भी किया। यात्रा शुरू होने से पहले तीर्थयात्रा और नियमित वाहनों पर नजर रखने के लिए जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर हाई क्वालिटी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

आतंकवाद से लेकर साइबर हमलों जैसी चुनौतियां

वायु सेना प्रमुख बोले-सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की जरूरत

नई दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य सीमा विवाद और आतंकवाद, साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता जैसी बहुआयामी चुनौतियां पेश करता है। उन्होंने कहा, भारत को इस अशांत समय से निकलने के लिए अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करना चाहिए।

एक सेमिनार को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि आधुनिक युद्ध में तेजी से तकनीकी प्रगति, विषम खतरे और भू-

राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदर्भों की व्यापक समझ की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी दुनिया के कुछ हिस्सों में जारी युद्धों के साथ उभर रही भू-राजनीति की पृष्ठभूमि में आई है। सेमिनार का आयोजन भारतीय वायु सेना (आईएएफ), कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर (सीएडब्ल्यू) और सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज (सीएपीएस) की ओर से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा, इस कार्यक्रम ने हमें विद्वान योद्धाओं की परिभाषा को परिष्कृत करने में सक्षम बनाया है। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि मौजूदा बहुआयामी परिदृश्य में ऐसे सैन्यकर्मियों की जरूरत है, जो न केवल युद्ध में कुशल हों बल्कि अपने काम के प्रभावों की गहरी समझ भी रखते हों। इसलिए मेरी राय में एक विद्वान योद्धा एक सैन्य पेशवेर है, जो आज के जटिल और गतिशील सुरक्षा माहौल में युद्ध कौशल के साथ ही बौद्धिक कौशल को जोड़ता है।

शरद पवार की पार्टी ने ईसी को लिखा पत्र

मुंबई। लोकसभा चुनाव के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। सभी सियासी दल अपनी रणनीतिक बैठकों की तैयारियों में जुट गए हैं। उधर, शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है और चुनाव चिह्न के आवंटन को लेकर जल्द फैसला लेने को कहा है। पार्टी ने मांग की है कि पिछले साल उसे आवंटित तुतारी चुनाव चिह्न से मिलते-जुलते पिपानी को चुनाव चिह्नों की सूची से बाहर कर दिया जाए।

केजरीवाल को बड़ा झटका, अभी जेल में ही रहेंगे सीएम

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक की मांग वाली याचिका पर कोर्ट ने फैसला सुनाया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देने से इनकार कर दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट में ट्रायल कोर्ट के आदेश को दोषपूर्ण बताते हुए कहा था कि केजरीवाल को राहत नहीं मिलनी चाहिए। केजरीवाल को निचली अदालत ने 20 जून को जमानत दी थी। 21 जून को प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री को जमानत दिए जाने को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। इस बीच, केंद्रीय जांच एजेंसी ने निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने के लिए तत्काल आवेदन दायर किया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को अपना आदेश देने दीजिए।

खाद की कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : सिंधिया

गुना। मध्यप्रदेश के गुना जिले में कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर के द्वारा चाचौड़ा विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक प्रियंका मीणा के देवर अनिरुद्ध मीणा पर बंधक बनाने और 50 लाख रुपये की मांग करने का आरोप और एसपी को की गई लिखित शिकायत धीरे-धीरे तूल पकड़ रही है। वहीं, विधायक के देवर अनिरुद्ध मीणा उन पर लगे आरोपों को निराधार बता रहे हैं।

मामले व खाद की कालाबाजारी को लेकर गुना पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भी एक बयान सामने आया है, जिसमें वे खाद की कालाबाजारी

करने वालों को दो टूक में नसीहत देते हुए नजर आ रहे हैं। पत्रकारों को दिए गए सवालों के जवाब के दौरान सिंधिया ने कहा, मुझे इसकी सूचना मिली है, मैंने पेपरों में भी पढ़ा है। मैंने स्पष्ट कहा है कि गुना-शिवपुरी और अशोकनगर में चाहे आपका हो चाहे मेरा कोई रिश्तेदार हो, या अन्य कोई सहयोगी हो, या कोई पार्टनर हो या कोई न जानते हुए भी मेरा कनेक्शन हो, जिसका भी व्यक्ति हो किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा। सही, सही है और गलत गलत है। सिंधिया ने कहा, खाद के मामले में भी मैंने स्पष्ट निर्देश दे दिए थे कि समिति के द्वारा ही इसका वितरण होना चाहिए। नहीं तो इसकी भी कालाबाजारी की रिपोर्ट्स मुझे आ रही थी। सब पर अंकुश लगाया जाएगा। मैंने जो चुनाव में कहा है, किसी तरीके का भी माफिया अगर मेरे क्षेत्र में है और मैं उसको माफिया का नाम ही दूंगा कि अगर आप मेरे अन्नदाता का खाद लोगे और उस पर व्यापार करोगे और ब्लैक में बेचोगे तो आप भी माफिया ही हो उससे कम नहीं हो किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

गौरतलब है कि सिंध्या के द्वारा मीडिया को दिए गए इस तरह के बयान के कई मतलब निकलकर सामने आ रहे हैं। लेकिन सिंध्या ने इस पर खुले तौर पर किसी का नाम नहीं लिया। ऐसे में हर कोई यह सोच रहा है कि आखिर सिंधिया का निशाना और इशारा किसकी तरफ है। मामले को लेकर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने एक्स पर सीएम मोहन यादव से सवाल किए। दिग्विजय ने लिखा, क्या मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव महोदया आप अपने अधिकारियों का संरक्षण करेंगे या ऐसे ही पिटने देंगे?

ओम बिरला के खिलाफ प्रत्याशी उतारने पर बीजेपी खफा

नई दिल्ली। लोकसभा स्पीकर को लेकर विपक्ष की तरफ से प्रत्याशी की घोषणा के बाद भाजपा ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कांग्रेस को आपातकाल पर घेरते हुए उस पर जबरदस्त हमले बोले। नड्डा ने लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में एनडीए के खिलाफ उम्मीदवार उतारने के लिए विपक्ष की निंदा की।

लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस ने एनडीए के ओम बिरला के खिलाफ अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 1975 में लगाए गए आपातकाल की 49वीं बरसी के मौके पर भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के मुद्दे पर कांग्रेस पर पाखंड और दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि मुख्य विपक्षी दल की मानसिकता में लोकतंत्र के लिए कोई जगह नहीं है। नड्डा ने सवाल किया, "आज तक कभी भी लोकसभा के स्पीकर का चुनाव सशर्त हुआ है?

अगले महीने रूस का दौरा करेंगे पीएम मोदी

मॉस्को। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी मॉस्को दौरे की भारत और रूस योजना बना रहे हैं। रॉयटर्स ने रूसी समाचार एजेंसी आरआईए के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। आरआईए के मुताबिक, एक राजनयिक सूत्र ने संकेत दिया कि पीएम मोदी जुलाई में रूस का दौरा करने वाले हैं। क्रेमलिन ने इससे पहले मार्च में घोषणा की थी कि मोदी को रूस आने का निमंत्रण मिला है। सूत्र ने इस बात की भी पुष्टि की कि पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक बैठक होने वाली है।

पुतिन ने इस साल मई में लगातार पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। जबकि मोदी ने नौ जून को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

मप्र के और 17 जिलों में पहुंचा मानसून

भोपाल। मध्य प्रदेश में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है कुछ जिलों को छोड़ दें तो लगभग प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में फैल चुका है। मंगलवार को 17 और जिलों में दस्तक दी है। इसके पहले सोमवार तक 32 जिलों में मानसून पहुंच चुका था। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून मध्य प्रदेश के झाबुआ, रतलाम, नीमच, मंदसौर, आगर, शाजापुर, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा और मऊगंज जिलों में मंगलवार को प्रवेश कर लिया है।

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि एमपी में वर्तमान में 3 सिस्टम- वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन एक्टिव है। इस वजह से पूरे प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है। सोमवार को नर्मदापुरम-रतलाम में 1 इंच से ज्यादा बारिश हुई। वहीं, भोपाल, छिंदवाड़ा, सागर, ग्वालियर समेत कई जिलों में भी पानी गिरा। आगे भी ऐसा ही मौसम रहेगा। भोपाल, इंदौर समेत 43 जिलों में आंधी और गरज-चमक का अलर्ट है। कहीं-कहीं बारिश भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि मगंलवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य प्रदेश के झाबुआ, रतलाम, नीमच, मंदसौर, आगर, शाजापुर, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा और मऊगंज जिलों में प्रवेश कर लिया है।

अशोकनगर, गुना, भिंड, शिवपुरी, रायसेन,भीमबेटका, श्योपुर कलां, झाबुआ, बैतूल, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और अनूपपुर,अमरकंटक में मध्यम गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

मंत्रि-परिषद की बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर स्वीकृति

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई।मंत्रि-परिषद द्वारा विकासखण्ड स्तर पर कृषकों को मिटटी परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा नवीन मिटटी परीक्षण प्रयोगशालाओं के भवन एवं यथा उपलब्ध प्रयोगशाला उपकरणों को युवा उद्यमियों/संस्थाओं को उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति दी गई है। इससे युवा उद्यमियों/संस्थाओं के माध्यम से किसानों के मृदा नमूनों का परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड (स्वाइल हैल्थ कार्ड) उपलब्ध कराये जाएंगे।

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 (अद्यतन 2014) में संशोधन का निर्णय लिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के खण्ड (ख) में प्रिन्ट मीडिया सम्मिलित नहीं होने से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप करने के लिए म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग की अनुशंसा अनुसार मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 की धारा 3(1) के (ख) में संशोधन कर विद्यमान प्रावधान में से शब्द प्रिन्ट मीडिया के विलोपन की स्वीकृति मंत्रि परिषद द्वारा दी गई।

मंत्रि-परिषद ने राजपत्र दिनांक 10 दिसम्बर 2021 में प्रकाशित संयुक्त/सामुदायिक वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से सी.एस.आर./सी.ई.आर. निधियों के उपयोग से वृक्षारोपण की नीति में संशोधन का निर्णय लिया।

मंत्रि-परिषद द्वारा अन्य राज्यों में संचालित सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के मूल निवासी छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि सैनिक स्कूल एक विशिष्ट शिक्षा प्रधान प्रतिष्ठान हैं। राज्य के बाहर के सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत म.प्र. राज्य के मूल निवासी छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति का प्रावधान किये जाने से प्रदेश के युवाओं में सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए उत्साह बढ़ेगा।

मंत्रि-परिषद द्वारा रेल परियोजनाओं से संबंधित कार्य परिवहन विभाग से लेकर लोक निर्माण विभाग को सौंपे जाने के लिए मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। नई रेल लाईनों के प्रस्ताव और उनका निर्माण एवं निर्माण कार्यों के लिए रेल विभाग से समन्वय का कार्य अब लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जायेगा।

मंत्रि परिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव अनुसार विधि एवं विधायी कार्य विभाग के परामर्श से मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 20 और 45 में संशोधन किये जाने के संबंध में मध्यप्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक 2024 पर मंत्रि परिषद द्वारा स्वीकृति दी गई।

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश सुधारात्मक सेवायें एवं बंदीगृह विधेयक, 2024 को विधानसभा में पुर:स्थापित कर पारित कराने का निर्णय लिया है। साथ ही समस्त कार्यवाही किये जाने के लिए जेल विभाग को अधिकृत किया गया है।

मंत्रि-परिषद द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण, भोपाल को खेल गतिविधियों के संचालन के लिए ग्राम गौरा तहसील हुजूर, भोपाल में लगभग एक एक? भूमि (पूर्व आवंटित भूमि के अतिरिक्त) आवंटित किये जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश मंत्री (वेतन तथा भत्ता) अधिनियम 1972 की धारा 9-क को निरसित किए जाने की कार्यवाही के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अधिकृत किया गया है। मंत्रि-परिषद द्वारा वीर शहीदों के परिवारजन को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में से अब 50 प्रतिशत राशि शहीद की पत्नी को और 50 प्रतिशत राशि शहीद के माता-पिता को दिये जाने का निर्णय लिया गया।

2 करोड़ 31 लाख 69 हजार की लागत निर्मित होगा सर्व सुविधायुक्त परिषद हाल

विधायक, महापौर व निगम अध्यक्ष ने किया नवीन परिषद हाल निर्माण का भूमि पूजन

सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिगरौली के परिसर में 2 करोड़ 31 लाख 69 हजार की लागत निर्मित होने वाले परिषद हाल का सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, निगम महापौर रानी अग्रवाल,निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के द्वारा विधिवत पूजा अर्चन कर भूमि पूजन किया गया। कार्य की रूप रेखा के संबंध में नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा के उपस्थित जन प्रतिनिधियों को विस्तार से अवगत कराया गया। इस अवसर विधायक श्री शाह ने कहा कि नवीन परिषद हाल का निर्माण होने से परिषद बैठक के संचालन सुगमता के साथ हो सकेगा। उन्होने कहा कि आज पार्षदो की बहुत पुरानी मांग पूरी हुई मै सभी पार्षद को परिषद हाल निर्माण की बधाई देता है। विधायक श्री शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध जिले के साथ-साथ नगरीय क्षेत्र का विकास भी हम सब की प्राथमिकता में है। विकास कार्यो में किसी प्रकार की कोताही नही होगी। मेरा प्रयास रहेगा कि नगरीय क्षेत्र में अधिक अधिक विकास कार्य कराया जाये। उन्होंने उपस्थित संविदाकर को निर्देश भी दिये कि परिषद हाल का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डो में विकास के कार्य कराये जा रहे आज परिषद हाल का भूमि पूजन हुआ। आगे भी सभी वार्डो में अवश्यकता अनुसार विकास कार्य कराये जायेगे। वही नगर निगम के अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने कहा कि अब बड़े नगर निगमो की तहर ही सिगरौली नगर निगम में भी परिषद हाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निगम अध्यक्ष होने के नाते मेरे लिए यह बड़े खुशी बात है। नवीन परिषद हाल का निर्माण होने से हमारे पार्षद भाई बिना किसी व्यवधान से अपने वार्डो से संबंधित विकास कार्यो संमस्यो से अवगत करा सकेंगे। हमार प्रयास होगा कि परिषद हाल का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कर लिया जाये। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षद एवं नगर निगम के कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्या,उपायुक्त आरपी बैस, सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी, विपिन तिवारी सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पानी भरने के दौरान कुएं में गिरी महिला, घायल

सिंगरौली। माड़ा थाना क्षेत्र के कोयलखूथं में मंगलवार को एक महिला ने पानी भरने के दौरान पैर से फिसलने से कुंए में जा गिरी। जहां गंभीर रुप से घायल हो गई। परिजनों को जानकारी होने पर आनन-फानन में कुंए से बाहर निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार रीना सिंह अपने मायके कोयलखूंथ आई हुई थी। जो मंगलवार को कुंए में पानी भरने के दौरान अचानक पैर फिसल गया। जहां गंभीर रुप से घायल हो गई। परिजनों को जानकारी होने पर महिला को कुंए से बाहर निकलवाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उपचार चल रहा है।

विराज को विधायक ने विटामिन ए का खुराक देकर किया दस्तक अभियान का शुभारंभ

25 जून से 27 अगस्त तक संचालित होगा दस्तक अभियान

सिंगरौली। 25 जून से 27 अगस्त तक चलने वाले दस्तक अभियान की शुरूआत सिंगरौली विधायक राम निवास शाह के द्वारा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक जैतपुर 11 माह के विराज माता ज्योति गुप्ता पिता विक्रम प्रसाद गुप्ता को विटामिन ए की खुराक पिलाकर दस्तक अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नरेश शाह,ज्योति वर्मा पार्षद, नागेन्द्र सिंह जिला मलेरिया अधिकारी,सुधांशु मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीएन माझी प्रभारी डिप्टी एमईआईओ, आशीष कुमार पाण्डेय सहायक जिला कार्यक्रम प्रबंधक, संतोष कुमार गुप्ता आरआईडीएम सहित अन्य उपस्थित रहे।

अभियान के संबंध में सुधांशु मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि दस्तक अभियान 25 जून से 27 अगस्त चलाया जायेगा। दस्तक अभियान में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत समुदाय में बीमार नवजातो और बच्चों की पहचान प्रबंधन एवं रेफरल, 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, रेफरल एवं प्रबंधन, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओआरएस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता में बढावा एवं प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओआरएस पहुँचाना। सहित अन्य सेवायें की जानकारी विस्तार से बताई गई । कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक श्री शाह द्वारा कहा गया कि दस्तक अभियान जैसा कि इसका नाम है जिसमें टीम खुद घर-घर जाकर बच्चों को विटामिन ए ओआरएस एवं जिंक देकर उन्हें प्रतिरक्षित करते हैं। साथ ही उन्हें अन्य स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराते हैं। ऐसे में हमारा यह प्रयास रहे कि कोई भी हितग्राही सुविधा से वंचित न रहे अधिक से अधिक अभियान का कवरेज रहे जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके।

कलेक्टर ने की 150 आवेदन पत्रो में जन सुनवाई

सिंगरौली। कलेक्ट्रेट सभागार मे मंगलवार को आयोजित होने वाली जल सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचल से आये 150 आवेदको ने जन सुनवाई कर रहे कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुये अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। कलेक्टर द्वारा सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुये कई आवेदको की समस्याओ को जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से त्वारित निराकरण कराया गया। तथा ऐसे आवेदक जिनके आवेदनो का जन सुनवाई के दौरान निरारकण नही किया जा सका संबंधित अधिकारी की ओर भेजते हुये तय समय सीमा में आवेदन पत्रो का निराकरण करने का निर्देश दिया गया। जन सुनवाई मे कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जन सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आमजनों के आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करें।

विद्यालय नही पहुंच रहे शिक्षक,नही बनता मध्यान्ह भोजन

गामीणो ने कहा जिला प्रशासन को ध्यान देने की जरुरत

सिंगरौली। केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा आदिवासियों के लिए कई तरह के सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। ताकि भारत के मूल निवासियों को सड़क,बिजली,पानी,शिक्षा स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाओं का अभाव न हो । चितरंगी विकासखंड के ग्राम पंचायत क्षेत्र बगदरी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक पाठशाला बगदरी,जुडनी टोला है,जहाँ भोले-भाले आदिवासियों के बच्चे पढ़ने जाते हैं। लेकिन शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण बिना विद्या ग्रहण किये ही लौट आते हैं। सूत्रों की माने तो बगदरी ग्राम पंचायत के अंतर्गत कुछ ऐसे गांव एवं मोहल्ले हैं,जहां के लोग आज भी सड़क,बिजली,पानी के विकास से अछूते हैं। किसी भी तरह से शासन ने शिक्षा की व्यवस्था के लिए उक्त ग्रामों में विद्यालय संचालित कर दी है लेकिन इतने के बावजूद भी भोले-भाले आदिवासियों के बच्चे लाभ से वंचित है। ताज्जुब की बात तो यह है कि मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय विद्यालय खुल चुके है। सभी व्यवस्थाओं को संचालित करने का निर्देश भी जारी हो चुका है। लेकिन जुडनी टोला के विद्यालय के शिक्षकों एवं समूह संचालकों पर कोई असर नहीं पड़ा,जो बहुत बड़ा सवाल खड़ा करता है। वहीं आसपास के लोगों एवं विद्यार्थियों की माने तो जून 2024 के महीने में विद्यालय जब से खुली है,तब से एक भी दिन मध्यान्ह भोजन नहीं बना है। यहां तक की शिक्षक विद्यालय में आते ही नहीं हैं। यदि कभी आते भी हैं तो मुख्य द्वार का ताला खोलने के बाद विद्यालय में ना रहते हुए पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता दिखाकर कहीं अन्यत्र चले जाते हैं। ऐसे में शासन का जो उद्देश्य है कि विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिल सके तो शासन की मनसा पर पानी फिरता ही दिखाई दे रहा है। इतना ही नहीं दबंग समूह के अध्यक्ष बुनऊवा देवी,सचिव फुलवा देवी के द्वारा मध्यान्ह भोजन भी नहीं बनवाया जाता है। आदिवासी बालक घर से यह सोच कर जाते हैं कि विद्यालय में भोजन मिलेगा लेकिन विद्यालय में भोजन न मिलने पर भूखे वापस लौट आते हैं। ऐसे में भूखे भोले भाले आदिवासियों के बच्चों के दिल में क्या गुजरती होगी। यह किसी से छिपा नहीं है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित हुई जन सुनवाई

सिंगरौली। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रुस्तमजी कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक,प्रियंका शर्मा महिला थाना प्रभारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र एएसपी समक्ष में प्रस्तुत किये गये। जिसे प्रत्येक आवेदकों से रूबरू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुनकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी पुलिस थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।

पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, नदी का पानी पीने हो रहे मजबूर

सिंगरौली। जिले के सरई नगर परिषद क्षेत्र वार्ड क्रमांक 10 में हरिजन बस्ती में मूलभूत समस्याओं से ग्रामीण जूझ रहे हैं। वहीं नदी का गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं। लेकिन इस ओर जिला प्रशासन ध्यान नही दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या से तो हम जूझ रहे हैं और विद्युत विभाग द्वारा हमारे हरिजन बस्ती का कई दिनों से लाइट भी बंद कर दिया गया। वहीं वार्ड पार्षद द्वारा भी समस्याओं को लेकर कई बार आवेदन प्रस्ताव बनाकर दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहा है। गर्मी का मौसम आते ही पेयजल संकट गहराने लगता है। लेकिन कुछ-कुछ जगह हर मौसम में पेयजल संकट की समस्या आम बात है। जिसको खत्म करने के लिए शासन घर-घर नल, घर घर जल का प्रचार प्रसार तेजी से कर रही है। शासन की मंशा है कि हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचे लेकिन ऐसा सिर्फ कागजों तक सीमित है। सरई नगर परिषद वार्ड क्रमांक 10 हरिजन बस्ती मोहल्ला है। इसमें सभी जाति समाज के लोग रहते हैं। अनुसूचित जाति मोहल्ला है,जहां पर अनुसूचित जाति के लोग बड़ी मात्रा में निवासरत है। लेकिन इन वॉर्ड वासियों को गर्मी के मौसम में पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द उनकी पेयजल संकट की समस्याओं का निराकरण करके हैंडपंप की व्यवस्था बनाई जाए इस दौरान ग्रामीण वार्डवासियों ने हैंडपंप लगवाने की मांग की है। सरकार द्वारा कई योजना चलाई जा रही है अनुसूचित जनजाति के लिए लेकिन ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

31 शीशी कोरेक्स के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

सिंगरौली। चितरंगी पुलिस ने 31 शीशी कोडिनयुक्त कोरेक्स सिरफ के साथ दो आरोपियों को ग्राम रेही गांव से पकड़ा है। हालाकि आरोपियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन एसडीओपी आशीष जैन के मार्गदर्शन में चितरंगी थाना प्रभारी शेषमणि पटेल ने की है। जानकारी के अनुसार अवैध मादक पदार्थ की बिक्री करने की मुखबिर की सूचना पर चितरंगी पुलिस टीम ग्राम रेही पहुंची। तब पुलिस टीम को देखकर दोनो आरोपी पास में रखी पीले रंग के सीमेन्ट की प्लास्टिक की बोरी को लेकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनो आरोपियो को पकड़ा गया।

खण्डहर व जर्जर भवन में पढ़ने के लिए हैं मजबूर छात्र-छात्राएं

जिला प्रशासन नही दे रहा ध्यान,बद्यों पर मंडरा रहा खतरा

सिंगरौली। समूचे देश में ऊर्जाधानी के नाम से विख्यात सिंगरौली उतार चढ़ाव के कई सोपान देख चुका है। लेकिन देश की भविष्य का जहां नींव के पत्थर गढ़े जाते हैं वह स्थान भी सुरक्षित नहीं है। बात हो रही है सिंगरौली जिला मुख्यालय से चंद ही कदम दूर विधानसभा क्षेत्र देवसर के अन्तर्गत वैढ़न बरगवां रोड में स्थित शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसौना की है। विद्यालय में लगभग 400 छात्र अध्ययनरत हैं। विद्यालय का भवन जर्जर एवं खण्डहर का स्वरूप ले चुका है। बरसात में विद्यालय की छत पूरी तरह से टपकती है। शिक्षक एवं छात्रों को भवन की छत गिरने का डर हमेशा सताए रहता है। विकास के कई बड़े बड़े दावे किए जाते हैं। लेकिन जहां देश का भविष्य गढ़ा जाता है, सुधारा एवं संवारा जाता है ना तो वह स्थान सुरक्षित है और न ही देश का भविष्य सुरक्षित है। कई बार विद्यालय भवन की स्थिति एवं परिस्थिति से शासन प्रशासन को विद्यालय एवं अभिभावकों द्वारा अवगत कराया गया। किन्तु कोई परिणाम नहीं निकला। परसौना में ही निवासरत भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश बैस से बात की गई तो उन्होंने बताया कि देवसर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेन्द्र मेश्राम के संज्ञान में विद्यालय के जर्जर भवन की स्थिति से अवगत कराया गया है। विधायक ने कलेक्टर से बात कर अतिशीघ्र समस्या की समाधान करने का आश्वासन दिया है।

काचन नदी के जलोद्धार कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

सिंगरौली। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के नेतृत्व में जिले में चालाये जा रहे जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत ग्राम गड़हरा एवं डिग्गी के मध्य बहने वाली काचन नदी के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया है। इस अभियान को जारी रखते हुये नदी जिसकी चौड़ाई 100 से 120 मीटर तक है। उसमें जल प्रवाह को नियमित एवं सभी ऋ तुओं में सुनिश्चित करने के लिए हाईब्रिड स्ट्रक्चर बनाया जा रहा है। उक्त कार्य का कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा निरीक्षण कर कार्य के प्रगति की जानकारी ली गई। एवं आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होनें निर्देश दिये कि नदी के पूरी चौड़ाई में जल रोका जाये ताकि सभी ऋतुओ में जल उपलब्ध रहे। कार्य में लगने वाले सामग्री समय से उपलब्ध रहे इसकी व्यवस्था कर ली जाये ताकि गुणवत्ता के साथ कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। साथ ही नदी के दोनो घाटो में सौदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण का कार्य किया जाये। ताकि नदी के पानी सोखने की क्षमता बेहतर रूप से बढ़ाई जा सके। जिससे कि आस पास के गांवो में जल सुविधा मुहैया कराना आसान हो सके। कलेक्टर ने कहा कि इन कार्यो को सामूहिक सहभागिता से भी कार्य कराया जाए।

गोड़गवां में आयोजित हुआ नशामुक्ति जन जागरुकता कार्यक्रम

सिंगरौली। पुलिस मुख्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के परिपेक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजन कराए जाने के निर्देशो के पालन में पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता द्वारा जिला स्तर पर विशेष नशा मुक्ति जन जागरुकता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा व समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियो के द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज मंगलवार को नौडिहवा चौकी प्रभारी उदयचंद करिहार द्वारा ग्राम गोडगंवा में नशामुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी श्री करिहार ने नशा से संबंधित जानकारी ,नशे से होने वाली हानि,नशे से कैसे बचाव करें,नशे से आने वाली पीढ़ी एवं समाज को किस तरह से बचाए,इसके अलावा यातायात,साइबर क्राइम, फ्रॉड कॉल,बाल अपराध, महिला संबंधी अपराध आदि के संबंध में जानकारी दी गई है।

अदाणी समूह के कर्मचारियों ने किया 718 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान

सिंगरौली। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज एवं अदाणी पावर के कर्मचारियों द्वारा सोमवार को 718 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। सरई तहसील अन्तर्गत झलरी गांव स्थित एमएफए बिल्डिंग में अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के सहयोग से सोमवार को आयोजित शिविर में 70 यूनिट रक्तदान किया गया। जबकि बंधौरा स्थित महान एनर्जेन लिमिटेड के प्रोजेक्टए ऑपरेशन्स एवं मैंटनेंस के कर्मचारियों ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, नेहरू शताब्दी चिकित्सालय एवं जिला अस्पताल सतना के सहयोग से तीन दिवसीय शिविर का आयोजन कर 648 यूनिट रक्तदान किया। अदाणी समूह अपने चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिवस के मौके पर 24 जून को हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। इस मौके पर अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज की तरफ से सिंगरौली के चीफ ऑफ क्लस्टर बच्चा प्रसाद एवं क्लस्टर एचआर हेड विकास सिंह के अलावा कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं स्वैच्छिक रक्तदान किया। जबकि महान एनर्जेन लिमिटेड की तरफ से स्टेशन हेड प्रमोद बिहारी प्रसाद एवं प्रोजेक्ट हेड मुरलीधरन एवं अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्दान शिविर में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के चेयरमैन एस डी सिंह, सचिव डॉ डी के मिश्रा और ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ आर डी द्विवेदी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर के दौरान मेडिकल टीम में राजेश सिंह, शिवानी सिंह, श्याम बाबू यादव, महेश काजल एवं महेंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन के बाद संस्था के पदाधिकारियों ने समस्त रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

सात पटवारियों की वेतन वृद्धि रोकने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर ने तहसील गोपद बनास के राजस्व विभाग के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

निर्धारित दिवसों में हल्के में उपस्थित रहने के निर्देश

सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा तहसील गोपद बनास के राजस्व विभाग के कार्यों की पटवारी हल्कावार विस्तृत समीक्षा की गयी। सात पटवारियों के कार्यों में प्रगति संतोषजनक नहीं जाये जाने पर नोटिस जारी कर एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आगामी माह में कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी पटवारी हल्के में निर्धारित दिवसों पर उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी ग्रामवासियों को भी होनी चाहिए। राजस्व विभाग के मूल कार्यों के लिए किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक भटकना नहीं पड़े। कलेक्टर ने सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा के सभी मामलों में रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण की जिम्मेदारी संबंधित पटवारी की होगी। कलेक्टर ने अभियान चलाकर आगामी एक माह में सभी प्रकार की पेंडेंसी समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि समस्त राजस्व निरीक्षक पटवारियों के कार्यों का मूल्यांकन करेंगे तथा उन्हें आवश्यक सहयोग भी प्रदान करेंगे। कलेक्टर ने राजस्व वसूली के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा उपरान्त पटवारी अविनाश पण्डोरिया, प्रवीण शुक्ला, ऋषभ नापित, उर्मिला पटेल, विद्यावती कुशवाहा, अलोक द्विवेदी, एवं अतुल शर्मा की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी, साक्षी गौतम, अधीक्षक भू-अभिलेख रवि श्रीवास्तव सहित समस्त राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित रहें।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेने ऑनलाइन करें आवेदन

सीधी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि उद्योग संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्र दिनांक 19.06.2024 के अनुसार मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सीधी जिले के लिए शासन द्वारा भौतिक लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। जिले के मान्य सभी बैंक शाखाओं को शाखावार मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लक्ष्य आवंटित कर दिए गए है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत स्वयं का व्यवसाय/सेवा/उद्योग स्थापित करने वाले इच्छुक आवेदकों से एमपी ऑनलाइन के एसमस्तश् पोर्टल के माध्यम से ऋण आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजनांतर्गत 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, 18 वर्ष से 45 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति व्यवसाय और सेवा क्षेत्र के लिए 50 हजार से 25 लाख रूपये तक तथा उद्योग (विनिर्माण) के लिए 50 हजार से 50 लाख रूपये तक की परियोजना लागत हेतु ऑनलाइन आवेदन समस्त पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

प्राथमिकता सेक्टर को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही जिले के सीडी रेशियो की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा जिले के सीडी रेशियो में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसमें वृद्धि के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के विकास में बैंकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंक जिले में जितनी अधिक आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हैं उतनी ही तेजी से आर्थिक क्षेत्र में विकास होता है। कलेक्टर ने कहा कि सीधी जिले के परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिकता सेक्टर को प्राथमिकता पर ऋण उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों तथा बैंकर्स को आपसी समन्वय स्थापित कर स्वरोजगार योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे सभी प्रकरण जो स्वीकृत हैं उन्हे प्राथमिकता पर ऋण का वितरण किया जाना सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई या भटकाव नहीं होना चाहिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, आरबीआई तथा नाबार्ड के प्रतिनिधि, लीड बैंक मैनेजर जगमोहन सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 276 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

सीधी। जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 276 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रीवा ने देखी कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी की गतिविधियां

सीधी। कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रीवा डॉ. सनत कुमार त्रिपाठी का भ्रमण दिनांक 24.06.2024 को हुआ। केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अलका सिंह के निर्देशन में अधिष्ठाता को केन्द्र का भ्रमण कराया गया एवं अधिष्ठाता के द्वारा नये सुझाव भी प्राप्त किया गया। अधिष्ठाता के द्वारा केन्द्र में मुनगा के पौधे का रोपण कार्य भी किया गया।

केन्द्र में 30 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण मशरूम उत्पादन पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें सीधी जिले के कुल 25 प्रगतिशील कृषक अपनी भागीदारी निभा रहे है। उक्त प्रशिक्षण में कृषकों को मशरूम उत्पादन की सम्पूर्ण जानकारी एवं मशरूम से बनने वाले विभिन्न व्यजनों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।

अधिष्ठाता द्वारा कृषकों को सामूहिक रूप से अपने ग्रामों में मशरूम उत्पादन करने एवं इसकी इकाई स्थापित करने के लिये प्रेरित किया गया है। इसके साथ ही साथ कृषकों को प्राकृतिक खेती एवं कम आय में अधिक आय अर्जन के लिये विभिन्न नई जानकारियॉ प्रदान की गयी।

डॉ. अलका सिंह के द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक खेती, मौसम अनुकूल खेती, श्री अन्न की खेती, वर्षा जल संरक्षण इत्यादि की जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह गौतम के द्वारा कृषकों को विभिन्न प्रकार के मशरूम की प्रजातियों एवं मशरूम के फायदे के बारे में चर्चा की गयी। केन्द्र के कार्यक्रम सहायक श्रीमती अमृता तिवारी के द्वारा मशरूम उत्पादन का प्रायोगिक ज्ञान कृषकों को दिया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पौधारोपण की गुणवत्ता एवं पर्यवेक्षण के लिए समिति गठित

सीधी। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत पौधारोपण किये जाने के निर्देश अपर मुख्य सचिव म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विभाग द्वारा जारी किए गए है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे द्वाराआदेश जारी कर जल गंगा संवर्धन अभियान 2024-25 अंतर्गत पौधारोपण की गुणवत्ता एवं पर्यवेक्षण के लिए समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार उपसंचालक उद्यानिकी विभाग सीधी, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी, लेखाधिकारी (मनरेगा) जिला पंचायत सीधी, जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र. डे-एसआरएलएम सीधी समिति में होंगे।

समिति का कार्य दायित्व होगा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जिले में रोपित किये जाने वाले पौधों की गुणवत्ता के लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा एवं नरेगा द्वारा दिये गये प्रावधान अनुरूप रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी तथा जिला अंतर्गत समस्त पौधारोपण अभियान की सतत् रूप से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करते हुए प्रगति से को समय-समय पर अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए दिव्यांग सहायता योजना एवं ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना 2024 लागू

दिव्यांग उपकरण एवं ई-स्कूटर वाहन क्रय करने पर मिलेगा अनुदान

सीधी। श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि सहायक सचिव मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल के पत्र दिनांक 19.06.2024 द्वारा प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए दो नवीन योजनाऐं लागू की गई हैं।

उन्होंने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण दिव्यांग सहायता योजना 2024 में पंजीकृत हिताधिकारी निर्माण श्रमिक एवं उनके पंजीयन कार्ड में सम्मिलित आश्रित परिवार के सदस्य को मोटर चलित तिपहिया साईकल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने पर 100 प्रतिशत राशि (अधिकतम 35 हजार रूपये) मण्डल द्वारा अनुदान के रूप में प्रदाय की जायेगी। इसी प्रकार भवन एवं अन्य सन्निर्माण ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना 2024 में पंजीकृत हिताधिकारी निर्माण श्रमिक ई-स्कूटर वाहन क्रय किए गये वाहन का 50 प्रतिशत राशि (अधिकतम 40 हजार रूपये) मण्डल द्वारा अनुदान के रूप में प्रदाय की जायेगी। उपरोक्त योजनाएं पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए लागू की गई है। योजना का राजपत्र में प्रकाशन राज्य शासन द्वारा दिनांक 14 जून 2024 को प्रकाशित राजपत्र में हो चुका है, तथा उक्त योजनाएं पूरे मध्यप्रदेश राज्य में राजपत्र प्रकाशन दिनांक से लागू की जा चुकी है।

उन्होंने पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने-अपने निकाय कार्यालय अथवा जिला श्रम कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकेगा।

प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली जब्त कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई

सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने निर्देशन में मत्स्य विभाग की टीम द्वारा सेमरिया-झगरहा बाजार में प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली विक्रय करते पाये जाने पर 2 मत्स्य विक्रेताओं से क्रमशः 10 किलो एवं 15 किलोग्राम कुल 25 किलोग्राम प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली जब्त कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र गोरियरा में की गयी तथा विक्रेताओं को मांगुर मछली का पालन एवं विक्रय प्रतिबंधित होने की जानकारी देते हुए सख्त हिदायत दी गयी की भविष्य में ऐसा करते पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी। टीम में सहायक संचालक मत्स्योद्योग दीपक शुक्ला के साथ मयंक मिश्र मत्स्य निरीक्षक, दीप नारायण तिवारी तथा श्यामलाल केवट मत्स्य जमादार शामिल रहे।

रोजगार मेले में 24 युवाओं को मिला रोजगार

सीधी। मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से जनपद पंचायत सीधी के सभागार में रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें सुपर वाइजर तथा सिक्योरिटी गार्ड हेतु एसआईएस कंपनी के द्वारा 275 युवाओं का पंजीयन किया गया एवं 24 बेरोजगार युवकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया तथा बाकी युवाओं की नियुक्ति प्रक्रियाधीन हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह परिहार एवं जनपद उपाध्यक्ष इंजीनियर श्रीमती सुमन सिंह, जनपद सदस्य श्री विनोद पटेल, श्री उमा शंकर यादव, श्री अमर सिंह (कल्लू), श्री मनोज रावत, श्री कालिमन सिंह गोड़, श्री सुधांशु तिवारी, श्री बालेंद्र कुशवाहा, श्री राकेश पटेल, श्री नरेंद्र सिंह परिहार, आजीविका मिशन विभाग से जिला प्रबंधक कौशल विकास श्री देवेश मिश्रा, श्री मनोज मिश्रा, श्री प्रशांत सिंह चौहान, श्री विवेक मिश्रा एवं एसआईएस कंपनी की तरफ से श्री नारायण शर्मा और भारी संख्या में बेरोजगार युवक शामिल हुए।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सीधी (म0प्र0)

Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक/812/खनिज/2024 सीधी, दिनांक 10/06/2024

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिये "

// प्रथम सूचना //

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती अन्तिमा पाण्डेय पत्नी श्री चन्द्रमोहन पाण्डेय निवासी ग्राम करौंदिया उत्तर टोला, तहसील–गोपद बनास, जिला–सीधी (म0प्र0) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 13.03.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 17.06.2024 से 16.07.2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	ख.क्र.	रकबा	भूमि का प्रकार	खनिज का नाम	रिमार्क
सीधी	बहरी	झरिया	11, 15, 12, 19	1.740	शासकीय	गिट्टी	–

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

खनि अधिकारी
जिला सीधी (म.प्र.)

जी–12396/24

अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना तथा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना का मिलेगा लाभ

सीधी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विकास ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. शासन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा म.प्र. आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के क्रियान्वयन के लिये प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।

उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के लिए ऐसे अनु. जनजाति के सदस्य जिनकी उम्र 18 से 45 साल के मध्य हो, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवी उत्तीर्ण हो उन्हें इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। इसी प्रकार टंट्या मामा अर्थिक कल्याण योजना के लिए ऐसे अनु. जनजाति के सदस्य जो आयकर दाता न हो, जिनकी उम्र 18 से 55 साल के मध्य हो उन्हे सभी प्रकार के स्वरोजगार गतिविधियो हेतु राशि रूपये 10 हजार से 1 लाख तक की परियोजनाओ के लिये बैंको के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया जायेगा।

रोंगटे खड़े कर देने वाली आपातकाल की रही दास्तां: मीसाबंदी यदुनाथ सिंह

सत्ता को बरकरार रखने के लिये कांग्रेस ने लगाया आपातकाल : देवकुमार

सीधी। आज ही के दिन कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी। आतंकवादियों जैसी यातनाएं देश भर के नागरिकों को कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने आपातकाल के दौरान दी थी। दमन की पराकाष्ठा को पार करते हुये लोकतंत्र की हत्या के साथ ही नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं न्याय पालिका की स्वतंत्रता को समाप्त कर दिया था। उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लोकतंत्र सेनानी मीसाबंदी वरिष्ठ अधिवक्ता यदुनाथ सिंह ने कांग्रेस सरकार द्वारा लगाई गई एमरजेंसी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा आयोजित 25 जून 1975 लोकतंत्र का काला दिवस, कभी न भूलने वाला आपातकाल के कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में कही। वरिष्ठ अधिवक्ता यदुनाथ सिंह ने कहा कि मैं 20 महीने 20 दिन जेल में रहा। मेरी गिरफ्तारी 4 जुलाई 1975 को हुई थी। इस दौरान हमारे साथ प्रमुख रूप में बाला प्रसाद गुप्ता, मोहनलाल चौरसिया, लालमणि सिंह, राजबली सिंह, राधेश्याम गुप्ता, रामखेलावन पाण्डेय, मंगलेश्वर सिंह सहित अनेक सीधी के जाने-माने लोग जेल गये थे। 20 महीने से अधिक आपातकाल के दौरान जेल की यातना का जिक्र करते हुये मीसाबंदी वरिष्ठ अधिवक्ता यदुनाथ सिंह अपनी आपबीती बताते हुये कई बार भावुक हुये। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों की भी आंखे नम हो गई। श्री चौहान ने कहा कि हमारे साथ पशुवत से भी बद्तर व्यवहार किया जाता था। हमारे परिवारजनों से मिलने नहीं दिया जाता था। पुलिस हमारे परिवार के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार करती थी। हमारे परिवार वाले जब कांग्रेसी नेताओं के पास जाते थे तो वे बदले में अनेक प्रकार की घूंस मांगा करते थे। आपातकाल के दौरान ही कांग्रसियों का भ्रष्टाचार का बिसनेस फल-फूल रहा था। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष और मीसाबंदी मंगलेश्वर सिंह ने कहा कि आपातकाल के दौरान 21 महीने जेल में रहने के दौरान इंदिरा गांधी ने अपने कुर्सी बचाने के लिये हम सभी को जेल में डाल दिया था। एक प्रकार से पूरा देश ही जेलखाना बन गया था। कांग्रेस ने संविधान की सारी शक्तियां अपने पास ले ली थीं। आपातकाल के दौरान इंडिया इज इंदिरा और इंदिरा ही इज हो गया था।

संपादकीय

सूखते जलाशय और बढ़ती मुश्किलें

शहरी नियोजन की चपेट में आकर बहुत सारे प्राकृतिक जलाशय पहले ही अपना अस्तित्व खो चुके हैं, अब बचेखुचे संरक्षित जलाशयों पर जलवायु परिवर्तन का प्रकोप पड़ना शुरू हो चुका है। केंद्रीय जल आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश के डेढ़ सौ प्रमुख जलाशयों का स्तर घट कर महज इक्कीस फीसद रह गया है। भीषण गर्मी का असर सबसे अधिक दक्षिण भारत के जलाशयों पर देखा गया है, जहां बयालीस जलाशय हैं और उनमें जल की मात्रा घट कर सोलह फीसद तक रह गई है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के दस जलाशयों में उनकी कुल क्षमता का अट्ठाईस फीसद जल रह गया है।यही हाल पूर्वोत्तर के तेईस जलाशयों का है, जिनमें उनकी कुल भंडारण क्षमता का करीब बीस फीसद पानी रह गया है। इसे लेकर जल आयोग की चिंता स्वाभाविक है। पहले ही बरसात कम होने की वजह से इन जलाशयों का पुनर्भरण संतोषजनक स्तर तक नहीं पहुंच पाया था, फिर पहाड़ों पर बर्फ कम गिरने के कारण पहाड़ी इलाकों के जलाशयों में पानी का स्तर लगातार घट रहा है।प्राकृतिक जलाशय अनेक शहरों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने का प्रमुख स्रोत हैं। मगर समुचित रखरखाव और उनके जलस्रोतों का संरक्षण न हो पाने की वजह से उनमें बरसात का पानी भी समुचित रूप में नहीं पहुंच पाता। जलाशयों में बरसात का पानी ऊंचे इलाकों से पहुंचता है, मगर जब वहां बस्तियां बस जाती हैं, तो उनका जलस्रोत बाधित होता है। बहुत सारे जलाशयों का जल स्तर इसलिए भी घट रहा है। दूसरी सबसे बड़ी वजह पिछले कुछ वर्षों से तापमान में लगातार वृद्धि और बरसात का असंतुलित होना भी है।गर्मी की अवधि लंबी होने से पेयजल और दूसरे उपयोग के लिए पानी की खपत बढ़ रही है। ऐसे में जलाशयों का स्तर घटते जाने से उन पर निर्भर शहरों और बस्तियों में जलसंकट बढ़ने की आशंका गहराने लगी है। लंबे समय से सलाह दी जाती रही है कि प्राकृतिक जलाशयों के रखरखाव और उनके जलस्रोतों को अबाध बनाए रखने की योजनाएं बनानी होंगी।

गधों के भरोसे चल रही है पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था

पाकिस्तान आतंकी पालने, गरीबी, कंगाली के लिए विश्व में बदनाम है। गरीबी की हालत यह है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। इस हालत में गधे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का सहारा बने हुए हैं। पाकिस्तान में गधा पालन प्रमुख मवेशी पालन बना हुआ है। इसी वजह से पाकिस्तान में हर साल गधों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। पाकिस्तान में हाल ही में साल 2023-24 का इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। सर्वे में कई आंकड़े सामने आए, लेकिन चुंबक की तरह सबसे ज्यादा ध्यान खींचा गधों की आबादी के आंकड़ों ने। पाकिस्तान में गधों की संख्या लगभग 1 लाख बढ़ी है। कुल गधों की संख्या अब 59 लाख के आस-पास बताई जा रही है।

(योगेंद्र योगी)

पाकिस्तान आतंकी पालने, गरीबी, कंगाली के लिए विश्व में बदनाम है। गरीबी की हालत यह है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। इस हालत में गधे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का सहारा बने हुए हैं। पाकिस्तान में गधा पालन प्रमुख मवेशी पालन बना हुआ है।

भारत नित नई टेक्नोलॉजी और अन्वेषण के जरिए अर्थव्यवस्था की तरक्की के परचम विश्व में फहराए हुए है, वहीं दुश्मनी का भाव रखने वाले पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गधों के भरोसे टिकी हुई है। भारत को परमाणु बम की धमकी देने वाली पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और रोजगार गधों के भरोसे चल रही है। गधों की तादाद पाकिस्तान में बढ़ रही है। यह बढ़ती हुई तादाद पाकिस्तान के रोजगार के लिए प्राणवायु बनी हुई है। भारत जहां अपनी अर्थव्यवस्था में लगातार छलांग लगा हुए विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है।

पाकिस्तान आतंकी पालने, गरीबी, कंगाली के लिए विश्व में बदनाम है। गरीबी की हालत यह है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। इस हालत में गधे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का सहारा बने हुए हैं। पाकिस्तान में गधा पालन प्रमुख मवेशी पालन बना हुआ है। इसी वजह से पाकिस्तान में हर साल गधों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। पाकिस्तान में हाल ही में साल 2023-24 का इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। सर्वे में कई आंकड़े सामने आए, लेकिन चुंबक की तरह सबसे ज्यादा ध्यान खींचा गधों की आबादी के आंकड़ों ने। पाकिस्तान में गधों की संख्या लगभग 1 लाख बढ़ी है। कुल गधों की संख्या अब 59 लाख के आस-पास बताई जा रही है।

सर्वे में यह भी बताया गया कि पाकिस्तान में गधों की संख्या में तो इजाफा हुआ है, लेकिन जीडीपीके निर्धारित लक्ष्य पीछे रह गए हैं। दुनिया में गधों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी पाकिस्तान में है, जो इन जानवरों को चीन को निर्यात करके पैसा कमाने की योजना बना रहा है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने 11 जून को 2023-24 का इकोनॉमिक सर्वे पेश किया। सर्वे के अनुसार पिछले कुछ वर्षों के दौरान भार ढोने वाले वाले गधों की आबादी देश में लगातार बढ़ी है। साल 2019-2020 में पाकिस्तान में गधों की संख्या 55 लाख के आसपास थी। 2020-21 में ये बढ़कर 56 लाख हो गई। 2021-22 में देश में 57 लाख गधे थे। वहीं 2022-23 में इनकी संख्या 58 लाख थी। पशुपालन पाकिस्तान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। देश में 80 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार पशुधन उत्पादन का काम करते हैं। गधों के आंकड़ों से इतर इकोनॉमिक सर्वे में पाकिस्तान की जीडीपी के आंकड़े भी बताए गए। रिपोर्ट के अनुसार सर्वे से पता चला कि पाकिस्तान 2023-24 वित्तीय वर्ष के अपने ग्रोथ रेट के लक्ष्य से पिछड़ गया। देश ने जीडीपी में 2.38 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की है, जबकि टारगेट 3.5 प्रतिशत ग्रोथ का था।

रिपोर्ट में बताया गया कि ऐसा इंडस्ट्री और सर्विस सेक्टर की खराब प्रदर्शन के कारण हुआ है। इकोनॉमिक सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान में कृषि के क्षेत्र में सबसे ज्यादा ग्रोथ देखने को मिली है जिसने 6.25 प्रतिशत की वृद्धि की है, जबकि लक्ष्य 3.5 प्रतिशत का रखा गया था। औद्योगिक क्षेत्र में ग्रोथ 1.21 प्रतिशत रही जबकि सर्विस सेक्टर ने 1.21 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की। कृषि क्षेत्र में मजबूत ग्रोथ देखने को मिली, जो कि पिछले 19 सालों में सबसे अधिक है। देश में राजकोषीय घाटा 3.7 प्रतिशत दर्ज किया गया। ये पिछले साल के बराबर रहा। वहीं व्यापार घाटा 4.2 प्रतिशत बना रहा। प्रति व्यक्ति आय की बात करें तो पिछले वर्ष के 1 लाख 24 हजार रुपये की तुलना में ये लगभग 10 हजार रुपये बढ़ी है। ये अब 1 लाख 34 हजार रुपये हो गई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार घाटे में चल रहे सरकारी उद्यमों को अपने नियंत्रण से बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकार राष्ट्रीय विमान सेवा, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस का निजीकरण करने का प्लान बना रही है। पीईएस में जारी आंकड़ों से पता चलता है कि बोझ ढोने वाले जानवरों में घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है, तथा यह क्रमशः चार लाख और दो लाख है। गधे कई पाकिस्तानियों की आखिरी उम्मीद हैं, खास करके उन लोगों के लिए जो ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। ग्रामीण इलाकों में अर्थव्यवस्था इन जानवरों के साथ गहरे से जुड़ी हुई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब द्वारा जारी किए गए इस सर्वेक्षण में अन्य पशुधन का भी ब्यौरा दिया गया है। देश में ऊंटों की संख्या जो पिछले चार वर्षों से स्थिर थी, अब बढ़ गई है। इनकी संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 11 लाख से बढ़कर 12 लाख हो गई है। पशुपालन पाकिस्तान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। 80 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार पशुधन उत्पादन में लगे हुए हैं।

पाकिस्तान के सीनेटर अब्दुल कादिर का कहना है कि चीनी राजदूत ने पाकिस्तान से कई बार मांस का निर्यात करने को कहा है। अपने सुझाव में सीनेटर मिर्जा अफ्रीदी का कहना है कि चूंकी अफगानिस्तान में जानवर काफी सस्ते हैं इसलिए पाकिस्तान वहां से इनका आयात कर सकता है और फिर इन जानवरों के मांस को चीन को निर्यात कर सकता है। हालांकि वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने कमिटी को जानकारी दी कि जानवरों में लंपी त्वचा रोग के फैलने की वजह से अफगानिस्तान से उनके आयात पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही अगर जानवरों के निर्यात की बात करें, तो स्टैंडिंग कमिटी ने पांच निर्यात सेक्टर से बिजली सब्सिडी हटाए जाने को लेकर चिंता व्यक्त की है। पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने सीनेट स्टैंडिंग कमिटी को बताया है कि चीन पाकिस्तान से गधों का आयात करने में दिलचस्पी दिखा रहा है। चीन मांस के निर्यात के लिए एक बड़ा बाजार है। स्टैंडिंग कमिटी के एक सदस्य का कहना है कि चीन ने पाकिस्तान से गधों के साथ-साथ कुत्ते भी निर्यात करने को कहा है। पाकिस्तानी गधों की सबसे ज्यादा मांग चीन में है। चीन में गधे की खाल की मांग बहुत ज्यादा है.। गधों की खाल से बने उत्पादों की चीन में काफी खपत है। गधों की खाल में जिलेटिन प्रोटीन की ज्यादा मात्रा होती है।

जिलेटिन प्रोटीन का शक्तिवर्धक दवाइयों में इस्तेमाल होता है। वर्ष 2019 में गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, माना जाता है कि जिलेटिन में इम्युनिटी को बढ़ावा देने वाले गुण होते हैं। पाकिस्तान हर साल चीन को करीब 5 लाख गधे बेचता है और एक गधे की कीमत 15-20 हजार रूपये होती है। पाकिस्तान सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करने के लिए गधों का निर्यात करने के इरादे से पंजाब प्रांत के ओकारा जिले में 3,000 एकड़ से अधिक का एक फार्म भी स्थापित किया था। गधों की सबसे ज्यादा आबादी चीन में है। जिनपिंग के देश चीन में 90 लाख से ज्यादा गधे हैं। चीन पहले अपने गधों का स्टॉक नाइजर और बुर्किना फासो से आयात करता था। लेकिन इन दोनों देशों पर प्रतिबंध लगने के बाद चीन पाकिस्तान से गधे मंगा रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस दौर में गधों पर टिकी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था यह साबित करती है कि जब तक पाकिस्तान आंतकवाद को संरक्षण देने की नीति में बदलाव करके देश के विकास पर ध्यान नहीं देगा, तब तक भुखमरी और कंगाली का शिकार बना रहेगा।

जिमी कार्टर के कहने पर इंदिरा ने हटाया था आपातकाल

(पवन उपरेती)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू होने से पहले अपने भाषण में आपातकाल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 25 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो रहे हैं और देशवासी संकल्?प लेंगे कि? भारत में अब कोई ऐसी हि?म्?मत नहीं करेगा जैसी 50 साल पहले की गई थी।

25 जून 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने आपातकाल लगा दिया था। यह आपातकाल 21 महीने तक चला और इसे भारतीय इतिहास का सबसे काला दौर माना जाता है।

संजय गांधी ने कहा था- मां नहीं कराएंगी चुनाव

द इंडियन एक्सप्रेस में 3 फरवरी, 2019 में अपने कॉलम 'इनसाइड ट्रैक' में कूमी कपूर ने कुलदीप नैयर की एक कि?ताब के हवाले से आपाताकाल के बारे में एक बात लि?खी थी। वह कि?ताब तब तक बाजार में नहीं आई थी। कि?ताब के हवाले से कूमी कपूर ने लि?खा था कि? आपातकाल हटाए जाने के बाद संजय गांधी ने कुलदीप नैयर को बताया था कि वह यह मान कर चल रहे थे कि उनकी मां तीन-चार दशक तक चुनाव नहीं कराएंगी।

इसके कुछ ही दि?न बाद (आठ फरवरी) को प्रख्?यात कानूनवि?द फाली एस. नरीमन ने द इंडियन एक्सप्रेस में ही ञ्जद्धड्डह्लद्यद्बद्धह्यद्बद्गद्द स्र्वह्यह्लद्दह्4 शीर्षक से एक आर्टिकल लिखा। इसमें उन्?होंने कूमी कपूर की बात का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमारे समय का अनसुलझा सवाल है कि आखिर इंदिरा गांधी ने आपातकाल क्यों हटा लिया और मार्च, 1977 में चुनाव कराने का फैसला क्यों किया। नरीमन लिखते हैं कि आपातकाल के बाद चुनाव कराने की इस बात को लेकर उन्हें भारत में ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन उच्चायुक्त ब्रूस ग्रांट की कही हुई एक बात याद आ गई।

ग्रांट ने बताया था नरीमन को

ब्रूस ग्रांट के साथ वह शाम को नेहरू पार्क में घूमने जाते थे। ग्रांट ने उन्हें बताया था कि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने अपनी भारत यात्रा के दौरान इंदिरा गांधी से कहा था कि उन्हें कानून के रास्ते पर चलना चाहिए। तब मार्च, 1977 में इंदि?रा ने चुनाव कराया था।

इसका मतलब यह हुआ कि कार्टर ने भारत में आपातकाल के दौर को खत्म करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की ओर लौटने का आग्रह इंदिरा गांधी से किया था। ग्रांट के मुताबिक, उन्हें यह बात इंदिरा गांधी ने ही बताई थी।

फाली एस. नरीमन लिखते हैं कि उन्होंने यह बात कई लोगों को बताई। यह बात उन्होंने 1995 में एक कार्यक्रम के दौरान अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के जजों के साथ लंच के दौरान भी दोहराई। लंच में मौजूद जस्टिस रूथ गिन्सबर्ग को यह बात दिलचस्प लगी और उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं अपनी इस बात के समर्थन में कोई विश्वसनीय दस्तावेज का हवाला दे सकता हूं।

नरीमन लिखते हैं कि वह भारत वापस आये लेकिन इस संबंध में उन्हें कुछ भी ठोस नहीं मिला। उस दौरान विपक्ष के नेता रहे लालकृष्ण आडवाणी (जिन्हें आपातकाल के दौरान जेल में रखा गया था) ने उन्हें बताया कि जिमी कार्टर ने इंदिरा गांधी से मार्च, 1977 में चुनाव कराने के लिए कहा हो, उन्हें ऐसी कोई बात याद नहीं है।

नरीमन लिखते हैं कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में रह रहे एक शख्स ग्रानविले ऑस्टिन से इस बारे में पूछा और ऑस्टिन ने लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में जिमी कार्टर वाली बात को खोजा लेकिन उन्हें भी कुछ नहीं मिला।

नरीमन ने जस्टिस रूथ गिन्सबर्ग को 17 जुलाई, 1995 को एक पत्र लिखा और इस बात के लिए माफी मांगी कि उन्होंने उन्हें (जस्टिस रूथ को) गुमराह किया है।

नरीमन ने कहा कि वह कूमी कपूर का कॉलम पढ़ने से पहले हमेशा यही सोचते थे कि यह उन चीजों को याद करने जैसा है, जो कभी हुई ही नहीं हैं। लेकिन अब हो सकता है कि इसे लेकर भारत में कुछ रिसर्च होगी कि आखिर इंदिरा गांधी के दिमाग को किसने बदला और उन्होंने मार्च, 1977 में चुनाव कराने का फैसला क्यों किया। उनके बेटे संजय गांधी जो उस समय इंदिरा गांधी के सबसे करीबी शख्स थे वह भी इस बारे में नहीं जानते थे।

वर्ग पहेली 5412

1	2	3		4		5	■
6			■		■		■
	■	■	7	■	8		9
10	11	12	■	13	■	14	
15			16		■	17	
■		■	18		19	■	■
20		■		■	21	22	23
24				■	25		

संकेतः बाएं से दाएं

1. भारत के राज्य का प्रथम राज्यपाल होने का गौरव इस महिला को प्राप्त है (7)
6. पहाड़ी ने नीचे की घाटी का मैदान (3)
7. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज (उर्दू)(1)
8. यह नेपाल और बिहार में बहने वाली नदी है जिसे नेपाल में सालिग्रामी कहते है (3)
10. दुर्घटना, अनेहानी, विपदा (3)
14. अवनमित, वक्र टेढ़ा (2)
15. जिसके दिल में रहम या करूणा का भाव हो, कृपालु, दयालु (5)
17. शब्दब्रह्म, अर्ध महाकल्प (2)
18. उमंग, मौज, तरंग (3)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. पूर्व और उत्तर के मध्य का कोना (3)
24. जल में विचरण करने वाली प्राणी (4)
25. बलमा, प्रेमी, साजन, 1951 की देवानंद और सुरैया अभिनीत एक फिल्म (3)

ऊपर से नीचे

1. चिर नवीन, चिरयुवा (5)
2. देह के बाल, रोआं (2)
3. जिस का बहुवचन, एक विलायती मदिरा (2)
4. अम की पहाड़ी जंगलों में रहने वाली एक जाति, अनुपिस्थति, गैर हाजिरी (2)
5. यह टूर्नामेंट एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट ओर दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट है (5)
9. काजल शब्द का अपभ्रंश (3)
11. ज्वलनशील, जलने वाला (5)
12. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
13. समझौता, संधि, मुआहिदा (3)
16. प्रेमपात्र, माशूक, दिल उड़ा ले जाने वाला (उर्दू)(4)
19. धनवान, धनाढ्य (3)
20. कारण, मंगलोत्सव, बटन का घर (2)
22. तड़क-भड़क, ठाट-बाट, वैभव (2)
23. हल्का गीला, आर्द्र, नमस्कार, त्याग (2)

वर्ग पहेली 5411 का हल

स	ऊ	दी	अ	र	ब	■	म
ज	ब	न	■	क	या	म	त
र	■	ए	त	बा	र	■	ल
■	■	इ	न	■	■	बों	बी
■	गु	ला	ब	■	र	बी	■
■	श	ही	द	■	■	दे	र
व	■	■	न	बी	■	ओ	स
ह	वा	ना	■	■	ज	ल	द

हरियाणा में भाजपा से आगे कैसे लड़ेगी कांग्रेस, आपस में ही सिर फुटौव्वल को तैयार!

(अर्जुन कुमार चौधरी)

हरियाणा में अक्टूबर में विधानसभा का चुनाव होना है। राज्य में पिछले 10 साल से बीजेपी की सरकार है। हरियाणा सरकार के खिलाफ एक दशक की एंटी-इंकंबेंसी के बावजूद बीजेपी इस बार भी राज्य की 10 में से 5 लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही है। लोकसभा चुनावों की शुरुआत से लेकर आखिर तक कांग्रेस दावे कर रही थी कि वह 8 से 10 सीटें जीतने जा रही है। लेकिन, विपक्ष ने जो उम्मीद लगाई थी, भाजपा का प्रदर्शन उतना बुरा भी नहीं रहा है। अब इसी बात को लेकर कांग्रेस के अंदर की गुटबाजी सतह पर आ चुकी है। हरियाणा में हुड्डा और सैलजा कैंप में घमासान पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा लोकसभा की आधी सीटें जीतकर भी इतने उत्साहित बताए जा रहे हैं कि जानकारी के मुताबिक अभी से प्रदेश में कांग्रेस की अगली सरकार और खुद को उसका मुख्यमंत्री मानकर चल रहे हैं। लेकिन, उनकी महत्वाकांक्षा की धार कुंद करने के लिए पार्टी की दलित नेता कुमारी सैलजा भी तैयार बैठी हैं। हुड्डा को संभावित सीएम उम्मीदवार बताने पर भड़कीं कुमारी सैलजा एक कार्यक्रम में जब सैलजा से कहा गया कि चौधरी उदयभान इस तरह के दावे कर रहे हैं कि हुड्डा ही मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं तो उन्होंने उनके दावों का खंडन करते हुए कहा, वो किस हिसाब से इस तरह की बातें कर रहे हैं। हाई कमान से पूछ के आए हैं क्या? हाई कमान ने कहा है क्या? सबको बता दें। हरियाणा में कांग्रेस के मुख्यमंत्री के दावेदारों में कुमारी सैलजा का भी नाम लिया जाता रहा है। लोकसभा में टिकट बंटवारे को लेकर भी उठाए सवाल यही नहीं उन्होंने बिना नाम लिए लोकसभा चुनावों में मनमाने तरीके से टिकट बांटने का भी आरोप हुड्डा पर लगा दिया है। उन्होंने कहा, 5 के बजाए हम 8-10 सीटों तक भी जा सकते थे; और साफ नजर आ रहा है कि किस तरह से एकतरफा मामला.....सही ढंग से भी आप टिकट वितरण कर देते तो ठीक रहता...आप ये देखो कि राज बब्बर को कौन लाया है? ब्रह्मचारी जी को कौन लाया? क्या हरियाणा में हमारे पास कैंडिडेट नहीं थे? या हम कैंडिडेट तैयार नहीं कर पाए? हरियाणा कांग्रेस में अभी दिखता है हुड्डा कैंप का दबदबा दरअसल, हुड्डा के बारे में कहा जा रहा है कि वह अपने हाव-भाव से खुद को राज्य के अगले मुख्यमंत्री के तौर पर पेश करने लगे हैं। इसी से जुड़े सवालों पर शैलजा भड़क उठी हैं। क्योंकि, कहा जा रहा है कि हरियाणा में टिकट बंटवारे से लेकर कांग्रेस के सभी अहम फैसलों पर हुड्डा कैंप की ही चली है। लेकिन, फिर भी पार्टी को वह सफलता नहीं मिल पाई है, जिसका दावा किया जा रहा था। हरियाणा में लोकसभा की 10 सीटें हैं, जिसमें से कांग्रेस 9 पर लड़ी थी और कुरुक्षेत्र की सीट उसने इंडिया ब्लॉक की अपनी सहयोगी आम आदमी पार्टी को दी थी। लेकिन, गठबंधन के बावजूद पार्टी सिर्फ 5 ही सीट जीत पाई और 5 सीटों पर भाजपा का दबदबा कायम रहा। हालांकि, 2019 के मुकाबले उसकी 5 सीटें जरूर कम हो गई हैं। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

आज का राशिफल

मेष

आज दिन सफलता से भरा होगा और आज आपके लिए लाभ के योग हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी और कि?मत आपका साथ देगी। आज किसी कारण से स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, लेकिन विवादों से दूर रहें। आमदनी संतोषजनक रहेगी और ननिहाल पक्ष के लोगों से आर्थिक मदद मिल सकती है।

वृषभ

आज लाभ के योग हैं और आपकी संपत्ति सुख में विस्तार होगा। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी और सभी लोगों के संबंध आपस में बेहतर होंगे। किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग हैं और आपको उनका आशीर्वाद प्राप्?त होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन होने के साथ ही कारोबार में उन्नति होगी।

मिथुन

भाग्?य आज साथ दे रहा है और आज नौकरी में आपके लिए उच्च पद की प्राप्ति के योग बने हैं। आप संतान की तरक्?की को देखकर खुश होंगे और उनकी ओर से सुखद समाचार मिलेगा। आपके जीवन स्?तर में सुधार होगा और अच्?छे खाने के साथ अच्?छा पहनने को भी मिलेगा।

कर्क

आज आपके संतान सुख में वृद्धि के योग हैं। आपकी सुख सुविधाएं बढ़ेंगी और आपको कहीं से वस्त्रादि का उपहार मिलेगा। उत्तम मित्रों के सहयोग से मन में निराशा का भाव समाप्?त होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

सिंह

आज आपके घर में मांगलिक कार्यों के आयोजन से मन में प्रसन्नता रहेगी। साथ ही व्यस्तता भी बनी रहेगी। मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के नए स्रोत बनेंगे और आमदनी बढ़ेगी। अकस्मात् बड़ी मात्रा में में पैसा हाथ में आने से आपका मनोबल बढ़ेग और काम करने में भी मन लगेगा।

कन्या

आज कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में भी इजाफा होगा और आपको मन के अनुकूल लाभ होगा। बौद्धिक कार्यों और लेखन से भी आय होगी। क्रोध से बचें और संतान पक्ष को लेकर थोड़ा सतर्क रहें व ध्?यान दें। उच्च शिक्षा और शोध में सार्थक परिणाम मिलेंगे।

तुला

आज का दिन हर मामले में संभलकर कार्य करने का है। आपकी इच्छा के विरूद्ध आपको कोई कार्य मिल सकता है, जिससे आप असहज हो सकते हैं। बेहतर होगा कि इस काम को मन लगाकर पूरा करें और समय से घर जाएं। अनियोजित खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक

आज कारोबार में हर काम बहुत सतर्कता से करने की जरूरत है। वरना आपको भारी नुकसान हो सकता है। बहुत समय से रुका हुआ धन प्राप्?त होने से आपके रुके कार्य फिर से आरंभ हो सकते हैं। किसी अधिकारी का हाथ आपके सिर पर होने से आपको सहयोग प्राप्त हो जाएगा।

धनु

आज करियर में परेशानी और कठिनाई हो सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी। बातचीत में संयत रखें। वरना किसी मामले में आपको विवाद का सामना करना पड़ सकता है। किसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है। आपके घर में भाइयों में आपस में वैचारिक मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं।

मकर

आज भाग्?य साथ दे रहा है और आज आपके सुख और आनंद में वृद्धि होने से सफलता प्राप्?त होगी। राज्य, मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग हैं। उत्तम संपत्ति का लाभ आपको होगा। आपके भाग्य का उदय होगा और आपके धन और कीर्ति में वृद्धि के योग हैं। सर्वत्र विजय, विभूति और सफलता से हर्ष होगा।

कुंभ

आज लाभ होगा और आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने से आपका काम बढ़ सकता है। लेकिन आप खुद को साबित कर पाने में सफल होंगे। संपत्ति से आय में वृद्धि होगी और करियर में शुभ अवसर मिलने से खुशी होगी। क्रोध से बचें और जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद उत्पन्न न हों इस बात का ध्?यान रखें।

मीन

आज दिन मिश्रित फलकारक है और आपके भाग्?य में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी और संपत्ति में सुधार होगा। आपके घर में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति से भी आय के नये स्रोत विकसित होंगे। कहीं से आपके लिए शुभ समाचार मिलेंगे।

संक्षिप्त समाचार

मकानों में भी आरक्षण की मांग, उद्धव गुट बोला- मराठों के लिए हो 50फीसदी घर, बिल लाने की तैयारी

मुंबई, एजेंसी। लोकसभा चुनाव में अच्छे नतीजों से उत्साहित शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने अब विधानसभा के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। यही नहीं उद्धव ठाकरे गुट अब चुनाव में मराठा कार्ड चलना चाहता है। उसने विधान परिषद में प्राइवेट मेंबर बिल पेश करने का फैसला लिया है, जिसमें मुंबई में बनने वाली नई इमारतों में मराठियों के लिए 50 फीसदी कोटा तय करने की मांग की जाएगी। सदन में बिल पेश करने के लिए फिलहाल डिप्टी चेयरपर्सन से मंजूरी का इंतजार है। बिल में मांग उठाई गई है कि यदि नई बनी सोसायटी में 50 फीसदी मराठा कोटे की शर्त को पूरा नहीं किया जाता है तो फिर बिल्डर पर 10 लाख रुपये तक का फाइन लगे या फिर 6 महीने की कैद की सजा का प्रावधान हो। महाराष्ट्र विधानपरिषद में कुल 78 सदस्य हैं, जिसमें उद्धव गुट के 9 सदस्य हैं। इसके अलावा विधानसभा में उसके 15 ही विधायक हैं, जहां की संख्या 288 है। बता दें कि विधानपरिषद से लेकर असेंबली तक में एनडीए का बहुमत है। असेंबली में भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए के कुल 212 विधायक हैं। वहीं विधान परिषद में उसके कुल 28 मेंबर हैं। विधान परिषद में प्राइवेट मेंबर बिल उद्धव गुट के नेता अनिल परब लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तमाम मामले आए हैं, जब मराठी भाषी लोगों को उनकी पहचान और खानपान के आधार पर मकान ही नहीं दिए गए। ऐसी स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में हमारी मांग है कि नई बनने वाली सोसायटियों में मराठा समुदाय के लोगों के लिए आरक्षण ही कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि खानपान और धर्म के नाम पर होने वाला किसी भी तरह का भेदभाव असंवैधानिक है। उन्होंने विले पार्ले की एक सोसायटी का एक जिक्र करते हुए कहा कि बिल्डर ने मराठी लोगों को घर देने से मना कर दिया। इसके लिए उसने मराठी लोगों के खानपान का तर्क दिया था। उन्होंने कहा कि मराठी लोगों ने इसका विरोध भी किया था। लेकिन किसी ने भी इसका संज्ञान नहीं लिया और सरकार ने भी चुप्पी साध ली। इस पर जब मीडिया में मामला उछला तो बिल्डर ने माफी मांगी। उन्होंने कहा कि आज ऐसी स्थिति है कि मुंबई में मराठी बोलने वाले लोगों की संख्या कम हो रही है। बता दें कि दोनों सदनों का कोई भी सदस्य अपने स्तर पर प्राइवेट बिल ला सकता है।

मां-बाप की मंजूरी से ही हो लव मैरिज, कानून न बना तो करेंगे आंदोलन ; खाप पंचायतों का अल्टिमेटम

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के खाप ने केंद्र सरकार से मांग की है कि लव मैरिज को लेकर संसद में कानून बनाया जाए और इसमें मां-बाप की सहमति को अनिवार्य कर दिया जाए। इसके अलावा लिव-इन-रिलेशनशिप सिस्टम को खत्म कर दिया जाए। खाप ने अल्टिमेटम देते हुए कहा कि अगर सरकार उनकी बात नहीं सुनती है तो वे विरोध प्रदर्शन शुरू कर देंगे। कांडेला, माजरा, नौ गामा, बिनैन, कलवा तापा और थुवा काप ने ये मांगें सरकार के सामने रखी हैं। खाप के नेताओं का कहना है कि अगर एनडीए सरकार दोनों मामलों को लेकर कानून नहीं बनाती है तो विपक्षी दलों को लोकसभा में ये मांग उठानी चाहिए। माजरा खाप के प्रवक्ता ने कहा, लव मैरेज या फिर कोर्ट मैरेज पर हमें आपत्ति नहीं है लेकिन इसके लिए मां-बाप से इजाजत लेनी जरूरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, जब एक पिता अपनी बेटी को पाल-पोषकर बड़ा करता है और इसके बाद वह भाग जाती है तो बहुत दुख होता है। अपने साथ वह आधार कार्ड ले जाती है और मां-बाप की उम्मीदों पर पानी फेर देती है। इसलिए केंद्र सरकार को इसको लेकर कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शादी की उम्र की सीमा को भी कम किया जाना चाहिए। सरकार को लड़कियों की शादी की उम्र घटाकर 16 साल कर देनी चाहिए। वहीं माजरा खाप के गुरविंदर सिंह संधू ने कहा कि 24 खाप पंचायतों की मांग है कि लिव इन रिलेशनशिप ने समाज में गंदगी फैला दी है और इसे गैरकानूनी घोषित करना चाहिए। बता दें कि हरियाणा में अकसर ऑनर किलिंग के मामले सामने आते हैं। हाल ही में हांसी में एक कपल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दो महीने पहले ही उन्होंने लव मैरेज की थी।

सीएम भजनलाल शर्मा पहुंचे अशोक गहलोत के आवास, पूर्व सीएम की कुशलक्षेम पूछी

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने आज पूर्व सीएम अशोक गहलोत उनके आवास पर मुलाकात की। सीएम भजनलाल शर्मा ने एक्स पर लिखा- आज प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री जी के अस्वस्थ होने पर आवास पहुंच कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। मैं प्रभु से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं।सीएम भजनलाल शर्मा से पहले स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र खींवसर ने भी गहलोत का हालचाल जाना था। बता दें लोकसभा चुनाव में पंजाब दौरे के दौरान ही अशोक गहलोत अस्वस्थ हो गए थे। गहलोत ने एक्स पर इसकी जानकार दी थी। उन्होंने एक्स पर लिखा- आज मेरी चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता एवं गढ़शंकर में कांग्रेस प्रत्याशी विजय सिंगला के समर्थन में पब्लिक रैली प्रस्तावित थीं।

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनशन खत्म

संजय सिंह ने कहा- जान पर खतरा देख फैसला

नईदिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनशन खत्म करा दिया है। आप नेता संजय सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि आतिशी की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने साफ कहा है कि अगर उन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया तो उनकी जान पर खतरा हो सकता है। ऐसे में उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और सभी नेताओं ने विचार विमर्श कर उनके अनशन को भी खत्म करने का फैसला किया। आतिशी दिल्ली के जल संकट को लेकर 5 दिनों से अनशन पर बैठी थीं। इस दौरान लगातार उनके शुगर लेवल और बीपी की जांच की जा रही थी। बताया जा रहा है कि सोमवार रात उनका शुगर लेवल गिरकर 36 तक पहुंच गया जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। संजय सिंह ने बताया कि डॉक्टर लगातार आतिशी का चेकअप कर रहे थे। उनकी बिगड़ती तबीयत को देखते हुए डॉक्टर उन्हें अनशन खत्म करने की सलाह भी दे रहे थे। सोमवार रात को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ना शुरू गई। उनका शुगर लेवल 36 जाने पर डॉक्टरों ने कहा कि अगर अब आतिशी को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। ऐसे में विचार विमर्श कर उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह फिलहाल आईसीयू में हैं। संजय सिंह ने कहा कि इसी के साथ हमने अनशन पर भी विराम लगाने का फैसला किया है लेकिन जल संकट को लेकर लड़ाई जारी रहेगी।

पीएम को लिखेंगे चिट्ठी

संजय सिंह ने कहा कि जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी एक बार फिर चिट्ठी लिखेगी और इस समस्या को जल्द सुलझाने की और दिल्ली के हक का पानी दिलवाने की अपील करेंगे। उन्होंने कहा, इस बीच हमारा एक प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल वीके सक्सेना से भी मिला था और उन्हें कहा कि वह हरियाणा के मुख्यमंत्री से बात कर इस समस्या को जल्द से जल्द सुलझाने में मदद करें। इसके बाद उन्होंने उसी दिन शाम 4 बजे हरियाणा के सीएम से बात की और आश्वस्त किया दिल्ली को पानी मिलेगा। ऐसे में इन सब स्थितियों को देखते हुए अनशन की लड़ाई खत्म की जा रही है लेकिन सभी विपक्षियों को लामबंद कर संसद में पानी के मुद्दे को उठाया जाएगा।

जयपुर के बिजनेसमैन के बेटे ने ही लूटे 75 लाख, जुआ खेलने की लत थी

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के जयपुर में बिजनेसमैन के बेटे को बंधक बनाकर 75 लाख रुपए लूटने के मामले में पुलिस ने 6 घंटे में ही खुलासा कर दिया है। बिजनेसमैन के 17 साल के बेटे और भांजे ने मिलकर लूट की झूठी कहानी रची थी। पुलिस ने भांजे के फ्लैट से 75 लाख रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं।राजस्थान के जयपुर में रूट्ठ रोड पर लाखों रुपए की लूट की वारदात झूठी निकली है। तालाशी के दौरान सीसीटीवी फुटेज में कोई बदमाश नहीं दिखे। केवल एक युवक फ्लैट के अंदर जाता हुआ दिखा है। पुलिस के अनुसार संभवतः शराब व्यापारी के पुत्र अर्जुन ने ही अपने साथी को राशि दी है और उसके बाद पुलिस को झूठी लूट की सूचना दे दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने व्यापारी के दोस्त को सिंधीकैंप से पकड़ा है। अब दोनों से आमने-सामने बिठाकर पूछताछ की जा रही है। इससे पहले राजस्थान के जयपुर में हथियारबंद बदमाशों ने बिजनेसमैन के बेटे को फ्लैट में बंधक बनाकर 75 लाख रुपए लूट की बात सामने आई थी। करीब 10 मिनट में रुपयों से भरा बैग कार में डालकर बदमाश फरार हो गए।कार सवार बदमाश करीब 75 लाख रुपए लूटकर भाग गए है। ऐसे में मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद जयपुर शहर में ए श्रेणी की नाकाबंदी करवाई थी।

घर में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

नई दिल्ली , एजेंसी। दिल्ली में एक घर में भीषण आग लग गई। इस घटना में घर में सो रहे पति-पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई है। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से इलाके में गम का माहौल है। घर में आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। घर के भीतर से लोगों को निकालकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में पता चला है कि इन्वर्टर में हुए शॉर्ट सर्किट के चलते घर में आग लगी। धुएं की वजह से दम घुटने से परिवार के सभी लोगों की मौत हो गई।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दमकल विभाग के मुताबिक, दिल्ली के प्रेम नगर के जेड ब्लॉक में मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम को 2 गाड़ियों के साथ रवाना किया गया। शुरुआती जांच में पता चला कि सबसे पहले आग मकान की पहली मंजिल में रखे इन्वर्टर में लगी और उसके बाद वह सोफे तक पहुंच गई। इसके बाद ऊपरी मंजिल तक काफी धुआं भर गया था।

जानकारी के मुताबिक, ऊपरी मंजिल पर हीरा सिंह (48) अपनी पत्नी नीतू सिंह और दो बेटे रोबिन (22) और लक्ष्य (21) के साथ सो रहे थे। धुएं के कारण दम घुटने से सभी की मौत हो गई। गौरतलब है कि दिल्ली में भीषण गर्मी के चलते आग लगने के कई मामले सामने आए हैं। जिसमें कई लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। फायर विभाग के मुताबिक, अब तक बीते महीना में लगी आग के कारण लगभग 300 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। दिल्ली फायर विभाग के मुताबिक, फायर अधिकारी और यूनिट लगातार 24 घंटे किसी भी कॉल आने पर तुरंत मौके पर रवाना होते हैं।

मोदी फैक्टर से मोहभंग, विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में नए रास्ते तलाश रही बीजेपी

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में नुकसान के बाद अब बीजेपी ने विधानसभा चुनाव की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। अक्टूबर में महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनाव भी कराए जा सकते हैं। वहीं बीजेपी ने 2019 में 23 लोकसभा सीटें जीती थीं लेकिन इसबार 9 पर ही सिमट गई। बीजेपी के सूत्रों का कहना है कि सबसे पहले बीजेपी गठबंधन के अंदर की कमियां दूर करना चाहती है। महायुति के अंदर ही शिवसेना और अजित पवार की अगुआई वाली एनसीपी में रार देखने को मिली है। वहीं बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर भी सहमति बनाना मुश्किल हो सकता है।

मोदी फैक्टर का नहीं मिला फायदा

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी ने इस बार राज्य के नेताओं को प्रमुखता देने का फैसला किया है। उनके द्वारा सुझाए गए रोडमैप को ही आगे रखा जाएगा। बीजेपी का मानना है कि सीधे केंद्र के दखल की वजह से महाराष्ट्र की जनता संतुष्ट नहीं हो पाई। हाल में हुई बैठक में बीजेपी नेताओं ने कहा कि केंद्रीकृत राजनीति की वजह से महाराष्ट्र में नुकसान उठाना पड़ा है। स्क्रिप्ट केंद्र से आ जाती थी और राज्य में केवल उसका पालन करना होता था। मोदी फैक्टर को आगे रखा गया और स्थानीय मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया गया। ऐसे में विपक्षियो को फायदा मिल गया। बीजेपी को यह भी अहसास हुआ है कि चुनाव से पहले संगठन में कम्युनिकेशन कम हो गया था। कैडर और लीडरशिप के बीच संवाद ना होने की वजह से रणनीति नहीं तैयार हो सकी। कैडर से बिना सलाह लिए ही उसपर संगठन के फैसले थोप दिए गए। वे थिएटर में ऑडियंस की तरह यह सब देखते रहे। बीजेपी के एक सीनियर मंत्री ने कहा कि संगठन में प्रभावी संचार लागू करना जरूरी है। कम्युनिकेशन की कमी की वजह से बीजेपी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है।

48 लोकसभा सीटों का दौरा करेंगे बीजेपी नेता

महाराष्ट्र की कुल 48 लोकसभा सीटों को अब विधानसभा चुनाव के लिए टारगेट किया जाएगा। बीजेपी नेता सभी लोकसकभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे और गरीबों के लिए रणनीति का प्रचार करेंगे। वहीं अगले महीने बीजेपी एक और बैठक करेगी जिसमें रणनीति की प्रगति पर चर्चा होगी। बीजेपी को भी पता है कि इस बार महाविकास अघाड़ी विधानसभा चुनाव में कड़ी चुनौती देने वाला है। राज्य में बीजेपी चीफ बावनकुले ने कहा कि संगठन और गठबंधन में

जो भी स समस्याएं थीं वे खत्म हो गई हैं। अब एक टीम की तरह विधानसभा चुनाव की तैयारियां होंगी। बता दें कि फिलहाल 288 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी 105 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। ऐसे में सीट शेयरिंग पर सहमति भी आसान नहीं है। बीजेपी को यह भी पता है कि अगर महायुति में फूट पड़ती है तो उसे बैकफुट पर आना पड़ेगा।बीजेपी ने 2019 में शिवसेना के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और 56 सीटों पर जीत हासिल की थी। लोकसभा चुनाव में महायुति को 17 सीटों पर जीत मिली है वहीं महाविकास अघाड़ी ने 30 सीटों पर कब्जा कर लिया। इके बाद बावनकुले और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दोनों ने ही इस्तीफे का प्रस्ताव रखा था। हालांकि गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसा करने से मना कर दिया। देवेंद्र फडणवीस ने माना है कि राज्य में आगे पार्टी के लिए बड़ी चुनौती है।

कर्नाटक सरकार ने चिकन कबाब और मछली के व्यंजनों में कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल पर लगाया प्रतिबंध

कहा- लोगों के स्वास्थ्य से कोई खिलवाड़ नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक सरकार द्वारा सोमवार को राज्य में चिकन कबाब और मछली के व्यंजनों में कृत्रिम रंगों (खाने में डाले जाने वाले रंग) के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश दिया है। हालांकि ये कदम एसे समय में उठाया गया है जब कुछ दिनों पहले इन वस्तुओं के नमूनों की गुणवत्ता जांच की गई थी और पाया गया था कि कृत्रिम रंगों के कारण इनकी गुणवत्ता घटिया हो गई है। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने इसको लेकर कहा कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ही इस पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया गए हैं। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग के आयुक्त को खाद्य पदार्थों में कृत्रिम रंगों के प्रतिकूल प्रभावों की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इससे पहले, राज्य खाद्य एवं सुरक्षा गुणवत्ता विभाग ने राज्य प्रयोगशालाओं से 39 कबाब के नमूने एकत्र किए और उनका विश्लेषण किया। 39 में से आठ नमूने कृत्रिम रंगों, विशेष रूप से सनसेट येलो और कारमोइसिन की उपस्थिति के कारण खाने के लिए असुरक्षित पाए गए। दिनेश ने आगे ये भी कहा कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर कम से कम सात साल और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा होगी, साथ ही 10 लाख रुपये का जुर्माना और खाद्य आउटलेट का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत नमूनों को असुरक्षित बताया गया। खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) विनियम, 2011 के अनुसार, किसी भी कृत्रिम रंग का उपयोग निषिद्ध है। यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा गोभी मंचूरियन और कॉटन कैंडी में कृत्रिम रंगों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश के महीनों बाद आया है।

केरल ने केंद्र से की राज्य का नाम बदलने की अपील, अब केरलम से जाना जाएगा, विधानसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी। केरल विधानसभा ने केंद्र सरकार से राज्य का नाम 'केरल' से बदलकर आधिकारिक तौर पर केरलम करने का अनुरोध किया है। इसके लिए बीते सोमवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया है। राज्य विधानसभा ने दूसरी बार यह प्रस्ताव पारित किया है। इस से पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले वाले प्रस्ताव की समीक्षा करने के बाद कुछ तकनीकी बदलाव करने का सुझाव दिया था। मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन ने विधानसभा में यह प्रस्ताव पेश किया। विजयन चाहते हैं कि केंद्र सरकार देश के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में दक्षिणी राज्य का नाम केरल से बदलकर केरलम कर दे।

मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि राज्य को मलयालम में केरलम कहा जाता है और मलयालम भाषी समुदायों के लिए एक केरल बनाने की मांग आजादी की लड़ाई के समय से ही तरीके से उठती रही है। विजयन ने कहा, ''लेकिन संविधान की पहली अनुसूची में हमारे राज्य का नाम केरल लिखा हुआ है। यह विधानसभा, केंद्र सरकार से अनुरोध करती है कि संविधान के अनुच्छेद-3 के तहत इसे केरलम के रूप में संशोधित करने के लिए तत्काल कदम उठाए तथा संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित सभी भाषाओं में इसका नाम बदलकर केरलम किया जाए।''

पहले भी उठी है मांग : यह दूसरी बार था जब राज्य विधानसभा ने राज्य के नाम में परिवर्तन की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। विधानसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि सदन ने पिछले साल अगस्त में भी सर्वसम्मति से इसी तरह का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा था, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसमें कुछ तकनीकी बदलावों का सुझाव दिया था।

मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पेश करने के बाद कहा कि पहले के प्रस्ताव में कुछ बदलाव की आवश्यकता है। इस प्रस्ताव को सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के सदस्यों ने भी स्वीकृति दी है।

संविधान का गला घोंटने के लिए देश की जनता से माफी मांगे कांग्रेस : सीएम योगी

लखनऊ, एजेंसी। आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को संविधान का गला घोंटने के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रात के अंधेरे में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने कैसे भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास किया गया था। संविधान का गला घोटने के लिए कांग्रेस को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब हम उस आपातकाल को याद करते हैं तो पाते हैं कि कांग्रेस में भले ही

चेहरे बदल गए, लेकिन आज भी चरित्र वही है। यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, लेकिन ये भारत के बाहर जाकर भारत को और उसके लोकतंत्र को कोसते हैं। भारत की चुनाव प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं। भारत के अंदर हर चुनाव की प्रक्रिया में बाधा पैदा कर ईवीएम पर दोषारोपण कर अपनी अकर्मण्यता का परिचय देते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का तानाशाही क्रूर रवैया जिसने आज से नहीं 1975 में ही नहीं, आजादी के तत्काल बाद संविधान में संशोधन कर धारा 370 जबरन डालकर देश की अखंडता को चुनौती दी। इसके अलावा समय समय पर लोकतंत्र के सभी स्तंभों को कमजोर करने का प्रयास किया गया। योगी ने विपक्षी गठबंधन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि 1975 में जो लोग देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल गए, आज उनकी नई पीढ़ी कांग्रेस की गोद में बैठी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आज भी उसी रास्ते पर चल रही है, संविधान को खत्म करने के रास्ते पर चल रही है। कांग्रेस के जो सहयोगी हैं, वह जनता के नाम पर संविधान की कार्रवाई को बाधित करने का काम कर रहे है।

कांग्रेस का आरोप, छत्तीसगढ़ में मोदी की अधूरी गारंटी, बैज बोले- कहां हैं 18 लाख मकान

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज? ने जमकर निशाना साधा है। बैज? ने कहा कि भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव जीतने से पहले ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख लोगों को आवास देने का वादा किया था। अब राज्य सरकार 18 लाख आवास स्वीकृत होने का दावा कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा के दावे पर कहा कि इसे लेकर सरकार श्वेत पत्र जारी करें। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में विष्णुदेव सरकार आवास देने के नाम पर जनता के साथ धोखाधड़ी कर रही है। बैज ने दावा करते हुए कहा कि राज्य में आवास बने और जो बन रहे हैं वह कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत किए गए थे। पीसीसी चीफ बैज ने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है, तो स्वीकृत आवासों के नाम सार्वजनिक किया जाए। इसका श्वेत पत्र जारी करें।

उन्होंने कहा कि जब राज्य में भूपेश सरकार थी तब आवास योजना के तहत गरीबों के खाते में पहली किस्त जारी किए थे। वहीं भाजपा की सरकार बनने के बाद एक भी रुपए नहीं दिया गया है। बैज ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार आते ही प्रदेश की किसी भी गरीब को आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। यह केवल सरकारी विज्ञापन और होर्डिंग में ही दिखाई दे रहा है। दीपक बैज ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2015 में लागू हुई। इस दौरान केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। 2011 के जनगणना को आधार पर राज्य के लिए 18 लाख आवास स्वीकृत किया गया था। 2015 से 2018 तक रमन सरकार के दौरान मात्र 2 लाख 37 हजार ग्रामीण आवास बने। उन्होंने बताया कि 2018 से 2023 तक राज में भूपेश की सरकार आई। इस दौरान 10 लाख से अधिक पीएम आवास बनाए? गए हैं। लगभग 7 लाख आवास बनाने के लिए भूपेश सरकार ने पिछले बजट में 3 हजार 234 करोड़ का प्रावधान किया। इसके बाद उन्होंने पहली किस्त अक्टूबर में ही डाल दिया था।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

शुभमन गिल को बनाया गया कप्तान

नई दिल्ली, एजेंसी। बीसीसीआई ने सोमवार को जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। पहला मुकाबला जिम्बाब्वे और भारत के बीच 6 जुलाई को खेला जाएगा। खास बात ये है कि टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपी गई है। वह पहली बार भारतीय टीम के कप्तान बनाए गए हैं। अभिषेक शर्मा, नीतीश रेड्डी, रियान पराग, तुषार देशपांडे, ध्रुव जुरेल को पहली बार टी20 टीम में जगह दी गई है।

गिल के साथ-साथ खलील अहमद, आवेश खान और रिंकू सिंह को टीम में शामिल किया गया है । इसके अलावा रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत समेत कई सीनियर खिलाड़ियों को इस सीरीज में आराम दिया गया है। बता दें कि इस वक्त टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार लय में दिखाई दे रही है। भारत सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के करीब है। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम जिम्बाब्वे दौरे पर रवाना हो जाएंगी।

भारत और जिम्बाब्वे के बीच पहला टी-20 छह जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। जबकि, दूसरा टी-20 सात जुलाई, तीसरा टी-20 दस जुलाई, चौथा टी-20 तेरह जुलाई और पांचवा और आखिरी टी-20 मैच 14 जुलाई को खेला जाएगा। सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे से खेले जाएंगे।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

रोहित शर्मा ने टी-20 क्रिकेट में रचा इतिहास

सेंट लूसिया, एजेंसी। अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले जा रहे टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से करारी शिकस्त दी. इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है. मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को चुना गया. रोहित शर्मा ने मैच में 19 गेंदों पर फिफ्टी जड़ी. हालांकि वो अपना शतक पूरा नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने 41 गेंदों पर 92 रनों की आतिशी पारी खेली. इस दौरान रोहित ने 8 छक्के और 7 चौके जमाए. रोहित की इस पारी और मैच जीतने के बाद रिकॉर्ड्स की झड़ी लग गई है.

रोहित बने सिक्सर किंग, बनाए कई धांसू रिकॉर्ड्स

रोहित ने टी20 इंटरनेशनल में अपने 200 छक्के पूरे कर लिए हैं और वो ऐसा करने वाले वर्ल्ड के पहले क्रिकेटर बन गए. रोहित ने एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.

रोहित टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए हैं. इस मामले में उन्होंने पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम को पछाड़ दिया. आइए देखते हैं मैच में बने इसी तरह के कुछ दमदार रिकॉर्ड्स के बारे में...

बतौर कप्तान सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल मैच जीत का रिकॉर्ड

48 जीत - रोहित शर्मा (60 मैच)
48 जीत - बाबर आजम (85 मैच)
45 जीत - ब्रायन मसाबा (60 मैच)
44 जीत - ओएन मोर्गन (72 मैच)

टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड

12 - युवराज सिंह vs इंग्लैंड, डरबन 2007
18 - केएल राहुल vs स्कॉटलैंड, दुबई 2021
19 - रोहित शर्मा vs ऑस्ट्रेलिया, ग्रॉस आइलेट 2024

टी20 वर्ल्ड कप में बतौर कप्तान हाइएस्ट स्कोर

98 - क्रिस गेल vs भारत (2010)
92 रोहित शर्मा vs ऑस्ट्रेलिया (2024)
88 क्रिस गेल vs ऑस्ट्रेलिया (2009)
85 केन विलियमसन vs ऑस्ट्रेलिया (2021)

टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए हाइएस्ट स्कोर

101 - सुरेश रैना vs साउथ अफ्रीका - ग्रॉस आइलेट (2010)
92 - रोहित शर्मा vs ऑस्ट्रेलिया - ग्रॉस आइलेट (2024)
89* - विराट कोहली vs वेस्टइंडीज - वानखेड़े (2016)
82* - विराट कोहली vs ऑस्ट्रेलिया - मोहाली (2022)
82* - विराट कोहली vs पाकिस्तान - मेलबर्न (2022)

एक टीम के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के

130 - क्रिस गेल vs इंग्लैंड
130* - रोहित शर्मा vs ऑस्ट्रेलिया
88 - रोहित शर्मा vs वेस्टइंडीज
87 - क्रिस गेल vs न्यूजीलैंड
86 - शाहिद आफरीदी vs श्रीलंका

टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रनों का रिकॉर्ड

4165 रन - रोहित शर्मा (भारत)
4145 रन - बाबर आजम (पाकिस्तान)
4103 रन - विराट कोहली (भारत)
3601 रन - पॉल स्टर्लिंग (आयरलैंड)
3531 रन - मार्टिन गुप्टिल (न्यूजीलैंड)

टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा सिक्स

173 - मार्टिन गुप्टिल (न्यूजीलैंड)
137 - जोस बटलर (इंग्लैंड)
134 - ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया)
132 - निकोलस पूरन (वेस्टइंडीज)

203- रोहित शर्मा (भारत)

ओलंपिक में भारत के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जेएसडब्ल्यू ग्रुपप ने पेरिस में प्रदर्शनी का आयोजन किया

पेरिस, एजेंसी। जेएसडब्ल्यू समूह ने पेरिस में एक प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ रविवार को ओलंपिक दिवस मनाया, जो ओलंपिक आंदोलन के संस्थापक पियरे डी कूबर्टिन के जीवन और विरासत का जश्न मनाता है, साथ ही मेजबान शहर पेरिस में खेलों में भारत की उपस्थिति के 100 साल पूरे होने का जश्न भी मनाता है।

जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन, श्रीमती संगीता जिंदल और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के संस्थापक, पार्थ जिंदल के साथ आईओसी के अध्यक्ष, थॉमस बाक, संस्कृति मंत्री, मैडम रचिदा दाती, फ्रांस गणराज्य में भारत के राजदूत जावेद अशरफऔर पियरे डी कूबर्टिन फैमिली एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती एलेक्जेंड्रा डी नवासेले प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी, जो पेरिस के 7वें एरोनडिसेमेंट के टाउन हॉल में आयोजित की जाएगी और सितंबर में पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक खेल के अंत तक चलेगी। इस अवसर पर, संगीता जिंदल ने कहा कि जेएसडब्ल्यू समूह पेरिस में जीनियस ऑफ स्पोर्ट प्रदर्शनी में ओलंपिक में भारत के 100 साल के आयोजन का समर्थन करते हुए प्रसन्न है। इस अनूठी प्रदर्शनी के माध्यम से, हम पियरे डी कूबर्टिन के जीवन और विरासत और भारत की उल्लेखनीय ओलंपिक यात्रा और सफलता के 100 वर्षों का जश्न मनाते हैं।

हम पियरे डी कूबर्टिन के दृष्टिकोण और विश्वास को साझा करते हैं कि खेल में सीमाओं को पार करके और शांति और दोस्ती की भावना में लोगों को एक साथ लाकर दुनिया को अलग तरह से बदलने की क्षमता है।

2024 ओलंपिक जेएसडब्ल्यू ग्रुप के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें इस प्रदर्शनी के साथ-साथ पेरिस में टीम इंडिया का समर्थन करने पर गर्व है।

वसीम अकरम ने बढ़ाया सस्पेंस, पाकिस्तान का दौरा करेगी टीम इंडिया !

नई दिल्ली, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। लेकिन सवाल यह है कि क्या भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा करेगी या फिर एशिया कप 2023 की तरह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के जरिए आयोजित किया जाएगा। तमाम अटकलों के बीच पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर वसीम अकरम ने इस मुद्दे पर बातचीत की है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान में किया जाएगा और इसमें मेजबान पाकिस्तान को छोड़कर सात देश भाग लेंगे। इन सात देशों में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं। अकरम ने बताया कि मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आएगी।

पूरा देश सभी टीमों का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। एक यादगार टूर्नामेंट के लिए हम उनका तहे दिल से स्वागत करेंगे। हमारे पास बेहतरीन सुविधाएं हैं और हम नए स्टेडियम बनाने पर काम कर रहे हैं। चेयरमैन ने लाहौर, कराची और इस्लामाबाद में नए स्टेडियमों पर काम शुरू कर दिया है, इसलिए मेरा मानना है कि यह एक शानदार टूर्नामेंट होगा और पाकिस्तान को क्रिकेट की बेहतरी के लिए इस टूर्नामेंट की जरूरत है।

टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया बाहर

पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा अफगानिस्तान

किंग्सटाउन, एजेंसी। राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम ने इतिहास रच दिया है। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह पहली बार है जब अफगानिस्तान की टीम टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है।

अफगानिस्तान की इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया का सफर इस टूर्नामेंट में खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलिया 2021 में टी20 विश्व कप की चैंपियन बनी थी। लेकिन, इस बार उसका सफर सुपर-8 में ही थम गया है। बांग्लादेश के खिलाफ राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। अफगानिस्तान ने पांच विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। टीम के लिए रहमानुल्लाह गुरबाज ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। जबकि अंतिम ओवरों में राशिद खान ने 10 गेंदों में महत्वपूर्ण 19 रन बनाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। मैच के दौरान 4 बार बारिश ने खलल डाला। इसलिए बांग्लादेश की पारी में एक ओवर की कटौती की गई।

अफगानिस्तान ने बांग्लादेश के सामने 116 रन का लक्ष्य रखा था। लेकिन, डकवर्थ लुईस नियम के तहत ओवर घटाकर बांग्लादेश को 19 ओवर में 114 रन का नया टारगेट मिला। जवाब में बांग्लादेश की टीम के विकेट लगातार गिरते रहे। अकेले लिटन दास ही टीम के लिए लड़ते रहे। लिटन ने 54 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर पर कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका। बांग्लादेश की टीम 105 रन पर ही सिमट गई।

अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने 18वें ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर मैच का पासा पूरी तरह पलट दिया और जीत अफगानिस्तान के नाम कर दी। कप्तान राशिद ने भी इस मुकाबले में 4 विकेट लिए।

पेरिस ओलंपिक

अदिति और दीक्षा ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालिफाई, विश्व रैंकिंग के आधार पर मिला मौका

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय गोल्फ स्टार अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया। दोनों महिलाएं, पुरुष वर्ग के शुभांकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर के साथ मिलकर 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करती नजर आएंगी। अदिति के लिए यह ओलंपिक में तीसरी उपस्थिति होगी, जो किसी भारतीय के लिए सबसे अधिक है। वहीं, दीक्षा दूसरी बार खेलती नजर आएंगी।

पुरुष वर्ग के शर्मा और भुल्लर के लिए यह ओलंपिक में उनकी पहली उपस्थिति होगी। ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति ने किया, जो टोक्यो गेम्स 2020 में चौथे स्थान पर रही थी।

कोपा अमेरिका

ब्राजील और कोस्टा रिका के बीच गोल रहित ड्रॉ

लॉस एंजिल्स, एजेंसी। सोफी स्टेडियम में मंगलवार को ब्राजीलियन फैंस काफी निराश हुए, जब नौ बार के कोपा अमेरिका चैंपियन ब्राजील को कोस्टा रिका के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलना पड़ा। कोपा अमेरिका में ब्राजील का निराशाजनक प्रदर्शन देखकर उनके फैंस काफी निराश हुए। एक रोमांचक मुकाबले में कोस्टा रिका ने ब्राजील को कड़ी टक्कर दी। दोनों टीमों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी लेकिन गोल करने में सफल नहीं रहे।

कई बार मौका बनाने और गोल पर शॉट्स की बौछार करने के बावजूद ब्राजील के सभी प्रयास फेल हुए। विनिसियस जूनियर और रोड्रिगो के पास एक भी शॉट टारगेट पर नहीं था, लेकिन किसी और ने भी उनकी कमी को पूरा करने के लिए कुछ नहीं किया। कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सेक्वेरा अपनी टीम के हीरो रहे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण बचाव किए और अपनी टीम के लिए क्लीन शीट बनाए रखी।

हालांकि, कुछ निर्णय ब्राजील के पक्ष में नहीं गए, जिसमें रिव्यू के बाद मामूली अंतर से कुछ संदिग्ध फैसले शामिल हैं। टूर्नामेंट में टीम की काफी आलोचना हुई और इस ड्रॉ ने ब्राजील के लिए मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

टीम अपने दबदबे को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही। रेफरी के फैसलों ने भी निराशा को और बढ़ा दिया। पूरे मैच में ब्राजील के खिलाफ कई संदिग्ध फैसले लिए गए।

त्रीसा और गायत्री अमेरिकी ओपन में करेंगे भारतीय चुनौती की अगुआई

नई दिल्ली, एजेंसी। ओलंपिक में एक महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में पेरिस जाने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधू, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स जोड़ी तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला डबल्स टीम ने टूर्नामेंट में नहीं खेलने का फैसला किया है।

भारतीय टीम त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की अगुआई में मंगलवार से शुरू हो रहे अमेरिकी ओपन बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलने उतरेगी। त्रीसा और गायत्री की महिला डबल्स जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। ओलंपिक में एक महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में पेरिस जाने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधू, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स जोड़ी तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला डबल्स टीम ने टूर्नामेंट में नहीं खेलने का फैसला किया है।

त्रीसा-गायत्री को मिली दूसरी वरीयता

मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उपविजेता रही विश्व की 24वें नंबर की भारतीय जोड़ी त्रीशा और गायत्री को इस सुपर 300 टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता मिली है। त्रीशा और गायत्री को बाई के बाद सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है जहां उनका सामना सेई पेई शेन और हंग एन-जू की चीनी ताइपे की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। दुनिया की 10वें नंबर की जापान की जोड़ी रिन इवानागा और केइ नाकानिशी को शीर्ष वरीयता मिली है।

पुरुष सिंगल्स में आठवीं वरीयता प्राप्त प्रियांशु राजावत ड्रॉ में शीर्ष भारतीय हैं और वे अपना अभियान चेक गणराज्य के यान लोउडा के खिलाफ शुरू करेंगे। आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम पुरुष सिंगल्स में दो अन्य भारतीय हैं।

शेट्टी का सामना सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से होगा, जबकि मुथुस्वामी अपना अभियान क्वालिफायर के खिलाफ शुरू करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ महिला सिंगल्स ड्रॉ में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी हैं और वे अपना अभियान एस्टोनिया की क्रिस्टिन कूबा के खिलाफ शुरू करेंगी। गैर वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत महिला सिंगल्स में दूसरी भारतीय हैं और उनको चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त वेन ची यू से भिड़ना है।

श्रद्धा पूर्वक मनाया गया मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती की पुण्य स्मृति

पन्ना

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा जी के 59वें पुण्य स्मृति दिवस जिसे संस्थान आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मानती है के उपलक्ष्य पर पन्ना सेवाकेंद्र में एक विशेष कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मातेश्वरी जी की शिक्षाओं को याद करते हुए उन्हें सभी भाई-बहनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बीके सीता बहन जी ने मातेश्वरी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां जगदम्बा सरस्वती जिन्हें ओम राधे के नाम से भी जाना जाता था, दिव्य गुणों, श्रेष्ठ आचरण एवं मातृत्व स्नेह के कारण सभी उन्हें प्यार से मां कहते

थे। ओम राधे ने मात्र 17 वर्ष की आयु में अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय मार्ग में समर्पित कर दिया। विश्व की सर्व आत्माओं के प्रति ममता और करुणा की भावना से पूर्ण मां जगदंबा ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका बनी मातेश्वरी जगदंबा धैर्यता की अवतार थीं मातेश्वरी की धैर्यता की देवी थीं। उन्होंने कहा की मातेश्वरी जी कभी जल्दबाजी नहीं करती थीं। मातेश्वरी जी शांति का अवतार थीं। कोई भी उनके सामने आते ही शांत हो जाता था। मातेश्वरी जी अपने से छोटों को भी बहुत सम्मानजनक सूचक शब्दों से संबोधित करती थीं। मां जगदम्बा का जीवन सादगी और सरलता संपन्न था। मातेश्वरी जी की स्मृति मात्र से ही मन भाव विभोर हो जाता है। मातेश्वरी जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हजारों नारियां सृष्टि परिवर्तन के पद पर चल पड़ी और श्वेत वस्त्रधारियों का यह कारवां निरंतर वृद्धि को पाते हुए अपनी मंजिल की ओर गतिमान है। वर्तमान समय में लाखों ब्रह्माकुमारी बहनें मूल्यनिष्ठ समाज की पुनर्स्थापना के लिए निरंतर सक्रियता पूर्वक समाज को एक नई दिशा दे रही हैं। आध्यात्मिक क्षेत्र में नारियों को जो सम्मान प्राप्त हो रहा है वह मातेश्वरी जगदम्बा जी के अज्ञानता के विरुद्ध आध्यात्मिक चेतना के उत्कर्ष का फल है।

श्री जुगल किशोर मंदिर मे पदस्थ कर्मचारी संतोष तिवारी को हटाये जाने स्थानीय लोगो ने दिया आवेदन

पन्ना। आस्था का केन्द्र भगवान जुगल किशोर जी का मंदिर इन दिनो अव्यवस्थाओ के लिए चर्चित है। क्योकि मंदिर की व्यवस्था को लेकर न तो प्रशासन गंभीर है और न ही मंदिर की समिति गंभीर दिखाई दे रही है। जिससे आये दिन अव्यवस्थाए सामने आ रही है। मंदिर मे पदस्थ कर्मचारी संतोष तिवारी भी लापरवाह बनें हुए है। उनके द्वारा कुछ दिन पूर्व एक निजी कंपनी का फ्लैक्स मनमाने ढंग से लगवा दिया गया था। जिससे काफी बखेडा हुआ था। स्थानीय लोगो ने ज्ञापन देकर पन्ना कलेक्टर से उन्हें हटाने तथा व्यवस्था बनाने वाले अन्य व्यक्ति को मुसद्दी बनाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत बीरा के पंचो ने जिला पंचायत सीईओ को सौंपा ज्ञापन

कार्यवाही करने की मांग

पन्ना। अजयगढ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत बीरा के पंचो ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के नाम आवेदन देकर सरपंच, सचिव के खिलाफ मनमानी करने एवं कार्यवाही करने को लेकर ज्ञापन सौपा है। दिये गयें ज्ञापन मे बताया है कि ग्राम पंचायत में अधिकांश कार्य घटिया एवं गुणवत्ताहीन किये गयें है तथा सभी अधुरे है। पंचो से कभी भी सरपंच, सचिव द्वारा कोई भी कार्य कराने के लिए सुझाव नही लिये जाते और न ही ग्राम सभा की बैठक की जाती है। गांव में गंदगी का आलम बना हुआ है। कभी भी पंचायत द्वारा साफ सफाई नही कराई जाती, जबकी साफ सफाई के नाम पर पन्द्रहवे वित्त तथा पंच परमेश्वर योजना से आने वाली राशि सरपंच, सचिव द्वारा फर्जी बिल

बाउचर लगाकर हडप लिये जातें है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में मशीनो से कार्य कराये जाते है तथा मजदूरो के फर्जी मस्टर रोल डालकर राशि निकाल ली जाती है। सरपंच पति की मनमानी चल रही है। उन्ही के द्वारा पंचायत का संचालन किया जाता है तथा आवाज उठाने वाले पंच एवं आम लोगो को सरपंच पति एवं उसके भाईयों द्वारा धमकाया जाता है। ग्राम पंचायत के पंचो ने तथा ग्राम वासीयों ने संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही करने एवं ग्राम पंचायत में हुए निर्माण कार्यो की जांच कराये जाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत मुख्यालय हिनौता में टाईगर तथा बंदरो से परेशान ग्रामवासी

क्षेत्र संचालक को ज्ञापन देकर सुरक्षा व्यवस्था कराये जाने की उठाई मांग

पन्ना। पन्ना टाईगर रिजर्व से लगें हुए ग्राम हिनौता एन एम डी सी के लोग भारी परेशान है। जहां एक ओर पन्ना टाईगर रिजर्व के बाघ गांव के अन्दर ही विचरण करने लगें है, वहीं दूसरी ओर गांव मे बन्दरो का भारी आंतक है, दिये गये ज्ञापन के माध्यम से उल्लेख किया गया कि टाईगर रिजर्व की एक बाघिन कई दिनो से गांव के आस पास घूम रही है तथा पालतू जानवरो, गांय, भैंस, बछडा का शिकार करके जंगल ले जाती है एवं कभी भी लोगो पर भी हमला करने का खतरा मडला रहा है।

जिससे ग्रामवासी भारी भयभीत है। इसी प्रकार गांव में बन्दरो का भारी आंतक है, व्याप्क स्तर पर बंदर होने के चलते वह घरो मे घुस जाते है तथा खाने पीने के सामग्री निकालकर ले जाते है, आम लोगो एवं बच्चो के उपर हमला करने का भी खतरा बना हुआ है। कच्चे मकानो के खप्पड आदि पूरे तरीके से फोड दिये गये है तथा घर ग्रहस्थी का समान नष्ट कर रहें है। स्थानीय लोगो ने संबंधित बंदरो को जंगल में छोडने तथा बाघिन से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

मारपीट के आरोपी को एक वर्ष का कारावास

पन्ना। मारपीट के एक आरोपी को एक वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया गया है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, कि दिनांक 19.01.2020 को समय करीब 10 बजे फरिवादी संगीता साहू द्वारा इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई गई कि वह पहाडीखेरा में निवास करती है एवं घर ग्रहस्थी एवं मजदूरी काम करती है। दिनांक 19.01.2020 को समय करीब 10:00 बजे दिन की बात है। वह एवं उसका छोटा लडका पुन्नू साहू दोनो पन्ना जाने को घर से निकल कर बस स्टैण्ड आ रहे थे जो रास्ते में मुन्ना गौड़ के मकान के पास उसका जेठ अच्छेलाल साहू उसे मिला और उससे बोला कि तुम भी यहां पन्ना से आकर रूक जाती है तो कोई न कोई झगडा विवाद करती है और उसे मां बहिन की बुरी-बुरी गाली देने लगा तो उसने गाली देने से मना किया जिस पर अच्छेलाल साहू हाथ में लिये डण्डा से उसकी मारपीट करने लगा। मारपीट से उसके सिर में माथे में एवं बायें पैर के पंजा में चोटे आ गई थी और सिर में से खून बहने लगा था। मौके पर उसका लडका पुन्नू साहू उसे बचाता रहा और उसने 100 नंबर पर फोन लगा दिया। जिस पर अच्छेलाल गंदी-गंदी गालियां देकर बोला तुमने उसकी रिपोर्ट पुलिस में की तो जान से मार देगा और धमकी देकर मारपीट कर गांव तरफ चला गया। बाद में मौके पर 100 नंबर वाहन व पुलिस आ गई। उसी वाहन से वह पुलिस चैकी पहाडीखेरा रिपोर्ट को आई है। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध किया गया। फरियादी की घोटों का डाक्टरी मुलाहिजा जिला अस्पताल पन्ना से कराया गया। फरियादिया की एक्सरे रिपोर्ट में डाक्टर साहब द्वारा फैक्चर शार्ट ऑफ लेफ्ट फीमर लेख होने से मामले में धारा-325 भा0द0स0 का इजाफा किया गया। घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया। फरियादी एवं गवाहों के कथन लेख किये गये। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय प्रीतम शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पन्ना के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए रोहित गुप्ता, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी अच्छेलाल साहू को धारा- 325 भादसं. में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने किया वृक्षा रोपण

पन्ना। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिले मे अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा अनेक मंडलो तथा बुथो पर वृक्षा रोपण कार्यक्रम किये गये। पन्ना जिला मुख्यालय मे भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, की उर्पिस्थती में वृक्षा रोपण कार्यक्रम छत्रसाल पार्क मे आयोजित किया गया। इस दौरान अनेक वृक्ष रोपित किये गये। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें विधायक प्रतिनिधि विष्णु पान्डेय, आशीष तिवारी, संतोष यादव, रवी पान्डेय, अल्पेश शर्मा, राज कुमार वर्मा, प्रभात साहू, रत्नेश पटैरिया, अवध कुशवाहा, सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

कैलाश धाम को बचाने भारत तिब्बत सहयोग मंच की बैठक संपन्न

पन्ना। चीन मध्य एशिया पर कब्जा करने की सोच रखता है। उसने 1950 में देवाधिदेव महादेव के धाम कैलाश मानसरोवर जो तिब्बत में स्थित है उस पर कब्जा कर रखा है। उसको बचाने के लिए पन्ना में भारत तिब्बत सहयोग मंच बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संजय खरे को संघ का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है। इसके साथ ही संरक्षक पद पर शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मनोज केसरवानी को नियुक्त किया है। जिला मुख्यालय के स्थानीय सर्किट हाउस में रविवार 23 जून को राष्ट्रीय संयोजक इन्द्रेश कुमार के निर्देशन में आयोजित भारत तिब्बत सहयोग मंच की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पूर्व विधायक गिरिराज पोद्दार मुख्य आतिथि के रूप मे उपस्थित रहें। दस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। तथा पन्ना जिले के कार्यकारणी की घोषणा की गई। जिसमें मनीष गुप्ता उपाध्यक्ष, मनोज केसरवानी संरक्षक, कैलाश मोदी मार्गदर्शक बनाए गए। इस दौरान प्रमुख रूप से रामेश्वर गुप्ता, राजेंद्र कुशवाहा, राजकुमार वर्मा, विशाल साहू, सोनू दहायत, मनीष गुप्ता, रवि तिवारी, संजय खरे, दिनेश गोस्वामी, संदीप जड़िया, सुन्नु गुप्ता, अंकुर रजक, रामेश्वर, संतोष कुमार रैकवार, मुकेश कुमार विश्वकर्मा, कैलाश मोदी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक संपन्न

पन्ना। संघ कार्यालय पन्ना में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत पन्ना की बैठक संपन्न हुई बैठक में गौरव सिंह भदोरिया प्रांत सह संगठन मंत्री (अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत ने विस्तार पूर्वक ग्राहकों से संबंधित नियम, कानून और अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की। बैठक में सर्वसम्मति और सर्व सहमति से फूल सिंह त्यागी को जिला सचिव एवं संदीप पांडेय को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

यातायात पुलिस द्वारा अवैध रूप से संचालित बस संचालको के विरुद्ध की गई कार्यवाही

पन्ना

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशानुसार नगर में संचालित बसों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया गया। जिसमें थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार व यातायात स्टाप द्वारा सत्यम पैलेश व डायमंड चौराहे पर वाहन चैकिंग के दौरान बसों को रोककर उनके बीमा, फिटनेस, परमिट सहित अन्य सभी जरुरी कागजात चैक किये गये। जिन बसों के दस्तावेज पूर्ण नही पाये गये उन पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत

चालानी कार्यवाही की गयी। सम्पूर्ण अभियान के दौरान कुल 35 वाहन चालकों विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 14 हजार रूपये समन शुल्क बसूल किया गया। थाना प्रभारी यातायात के द्वारा बस मालिकों/चालकों से अपील है की गयी कि, बसों के सम्पूर्ण कागजात जैसे की ड्रायविंग लाइसेंस, फिटनेस, परमिट, बीमा आदि सभी जरुरी दस्तावेज आवश्यक रुप से अपने साथ रखें।

अशोक खरे का दु:खद निधन

पन्ना। जिले के वरिष्ट अधिवक्ता महेवा निवासी अरविन्द खरे के छोटे भाई अशोक खरे का गत दिवस ईलाज के दौरान बनारस मे दु:खद निधन हो गया था। जिनका अतिंम संस्कार पन्ना में किया गया। ज्ञात हो कि अशोक खरे विगत कुछ महिनो से बीमार चल रहें थें। जिनका लगातार उनके बडे भाई अरविन्द खरे द्वारा ईलाज कराया गया। लेकिन वह ठीक नही हो सकें तथा उनका निधन हो गया। श्री खरे के निधन पर जिले के जनप्रतिनिधयों, अभीभाषको, पत्रकारो, साहित्यकारो, गणमान्य नागरिको ने गहन शोक व्यक्त करते हुए म्रत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

कलेक्टर ने ग्राम टिकरिया में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में सुनी समस्याएं

मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में दिए निर्देश

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को पवई अनुविभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़वार के ग्राम टिकरिया पहुंचकर जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी और इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को ग्राम में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनकर सड़क, पानी और बिजली इत्यादि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में भरोसा दिया। इस दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी भी ली और योजनाओं व सुविधाओं के लाभ संबंधी आवेदन प्राप्त कर समय-सीमा में निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर उपस्थित विधायक प्रह्लाद सिंह लोधी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने भी ग्रामवासियों व गांव के हित में हरसंभव सहायता व मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय द्वारा ग्रामीणजनों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं से वंचित ग्राम के लोगों को सुगमतापूर्वक सभी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर द्वारा टिकरिया ग्राम में जनसुविधाओं से बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों के वंचित होने की जानकारी संज्ञान में आने पर शिविर लगाकर समस्या निराकरण के निर्देश दिए गए थे।

भारी वाहनो के चलने से सड़क गड्ढो मे तब्दील

पन्ना। जिले मे ओवर लोड़ वाहनो के चलतें प्रधानमंत्री तथा अन्य योजनाओ से बनीं ग्रामीण सडको की हालत बदतर कर रखी है। क्योकि उक्त सडको पर छमता से अधिक वजन वाले वाहन चलने से सड़को के परखच्चे उड़ रहें है। प्रधानमंत्री योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो को आवा गमन के उद्देश्य से मुख्य सड़को को जोडना है तथा आम लोगो को सडक मार्ग उपलब्ध कराना है एवं उन्हे एक निश्चित छमता के वाहनो के संचालन से छति न पंहुचे लेकिन वर्तमान समय मे अवैध रेत के कारोबार में ओवर लोड डम्फर चल रहें है। जिनमें चालीस से पचास टन रेत भरकर वाहन निकलते है। जिससे सडको के परखच्चे उड रहे है। इसी प्रकार

की स्थिती पन्ना पहाडीखेडा मार्ग मुख्य सडक से देवेन्द्र नगर को जोडने वाले लक्ष्मीपुर, मुटवाकलॉ, विक्रमपुर मार्ग जो रेस्ट हाउस देवेन्द्रनगर के लिए निकलता है, वह मार्ग आम लोगो की सुविधा के लिए बनाया गया था। लेकिन चोरी की रेत लेकर व्याप्क स्तर पर भारी वाहन प्रतिदिन जिनमें डम्फर, ट्रक, ट्रैक्टर दिन रात धमा चौकड़ी मचा रहे है। उक्त वाहन अजयगढ रेत खदानो से रेत ला कर देवेन्द्रनगर से सतना की ओर जाते है। जिसके चलते उक्त सड़क गड्ढो मे तब्दील हो गई है। पूर्व में उक्त मार्ग के छतिग्रस्त होने को लेकर तत्कालीन कलेक्टर द्वारा भारी वाहन निकलने के लिए प्रतिबंध लगाते हुए दोनो तरफ बेरियल भी लगा दिये गये थें। लेकिन रेत ठेकेदारो के दबाव के चलते कुछ दिन बाद उक्त बेरियल तोड दिये गये थें। स्थानीय लोगो ने भारी वाहनो पर प्रतिबंध लगाने तथा फिर से बेरियल लगाने की मांग की है।

सोहावल के वेयर हाउस में कार्यरत मजदूर की करंट लगने से मौत

सतना। सतना के सिविल लाइन थाना अंतर्गत सोहावल के वेयर हाउस में कार्यरत मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई, जिस पर मर्ग कायम किया गया है।

पुलिस ने बताया कि लालजी कुशवाहा पुत्र ददन प्रसाद 35 वर्ष, निवासी कुसेड़ी थाना अमदरा, बीते काफी सालों से अंशुल खरे के वेयर हाउस में काम कर रहा था। सोमवार सुबह लगभग 7 बजे वह नित्यक्रिया के लिए खेत की तरफ गया, जहां ट्रांसफार्मर के स्टे में प्रवाहित हो रहे करंट के सम्पर्क में आने से उसकी मौत हो गई। काफी देर तक लालजी के नहीं लौटने पर चौकीदार बब्बू चौधरी खोजने निकला, तब घटना की जानकारी लगी। सहकर्मी किसी तरह मजदूर को स्टे से अलग कर जिला अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

मेन लाइन से बांस में उतरा करंट, दो झुलसे, एक मृत

सतना। सतना के रामपुर बघेलान थाना अंतर्गत डेंगरहट गांव में मेन लाइन से बांस में उतरे करंट के सम्पर्क में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने बताया कि अजय आदिवासी पुत्र सहदेव 28 वर्ष और मदन आदिवासी पुत्र कुमारे 45 वर्ष, सोमवार की सुबह खेत की तरफ गए थे। तकरीबन 8 बजे वापसी में दोनों लोग रास्ते पर बांस के झुरमुर के बगल से गुजरने लगे, तभी अंजाने में बांस के सम्पर्क में आ गए, जिसका ऊपरी सिरा मेन लाइन में टच होने के कारण करंट प्रवाहित हो रहा था।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 26 जून 2024 | 8

रीवा राजनिवास सर्किट हाउस में 4 करोड़ रुपए की लागत से नवीन सर्किट हाउस का निर्माण कराया जा रहा है। अत्याधुनिक पूर्ण सुसज्जित नवीन सर्किट हाउस में 6 सुइट के अतिरिक्त कांफ्रेंस हाल, डायनिंग हाल का निर्माण हो रहा है। कलेक्टर ने आज निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

स्वास्थ्य क्षेत्र में एमपी को शीर्ष में लाने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें : उप मुख्यमंत्री

समुदाय की सहभागिता से अभियान को जन आंदोलन का रूप दें, 25 जून से 31 अगस्त घर-घर दी जाएगी दस्तक

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने आज भोपाल के होटल अशोक लेक व्यू से प्रदेशव्यापी दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य के विभिन्न पैरामीटर आईएमआर, एमएमआर, सीएमआर आदि में मध्यप्रदेश को शीर्ष स्तर में ले जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले को पूरे मनोयोग से कार्य करना होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नौनिहालों की स्वास्थ्य सुरक्षा के इस अभियान को जन आंदोलन बनाना होगा और समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।

हर नागरिक, हर क्षेत्र तक गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की पहुँच और उपलब्धता के लिए सतत प्रयास जारी - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश में योग्यता की कमी नहीं है। विभाग को निरंतर सशक्त किया जा रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अन्य राज्यों की प्रणाली का अध्ययन कर आवश्यक अंत:क्षेप किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में संसाधनों की कमी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग में आगामी 6 महीने में 30 हज़ार पदों पर भर्तियाँ की जाएगी। मध्यप्रदेश के हर नागरिक, हर क्षेत्र तक गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की पहुँच और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हम सतत प्रयासरत हैं। उप मुख्यमंत्री ने अपील की है कि मेडिकल प्रोफेशनल ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाऐं देनें के बारे में सोचे। आवश्यक सुविधाओं के लिए विभागीय स्तर पर सतत मंथन किया जा रहा है और सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने दस्तक अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले और सहयोगी विभागीय कार्यकर्ताओं और मैदानी अमले को शुभकामना दी। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का

आवश्यकतानुसार अवश्य प्रयोग करें - उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से आपातकाल में दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को उत्कृष्ट सेवाएँ मुहैया कराने का प्रयास किया गया है। एयर एम्बुलेंस सेवा का आवश्यकतानुसार उपयोग सुनिश्चित करने लिए विभागीय अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को जागरूकता लाने के निर्देश दिये गये हैं। तृतीयक स्वास्थ्य सेवाएँ ग्रामीण अंचल में उपलब्ध हो इसके लिए अधोसंरचनात्मक विकास और मैनपॉवर उपलब्धता के सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

जनजागरूकता सामग्री का किया विमोचन - उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अभियान से संबंधित जन जागरूकता सामग्री का विमोचन किया। कार्यक्रम में दस्तक अभियान की गतिविधियों और उपलब्धियों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फ़िल्म का प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास, संचालक आईईसी श्रीमती रचना दुबे, संचालक महिला एवं शिशु स्वास्थ्य श्रीमती अरुणा कुमार सहित समस्त ज़िलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वस्थ भारत लिए बच्चों का स्वास्थ्य महत्वपूर्ण - राज्य मंत्री श्री पटेल- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए बच्चों का स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है। राज्य मंत्री श्री पटेल ने अभियान की सफलता के लिए मैदानी अमले को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अभिभावकों, नागरिकों से अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले को सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया और अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। वर्ष 2016 में 168 ब्लॉक से शुरू हुआ अभियान अब हर घर में दे रहा है अच्छे स्वास्थ्य की दस्तक - श्रीमती दास - एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने दस्तक अभियान में की जाने वाली गतिविधियों, तैयारियों और कार्ययोजना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान वर्ष 2016 में 168 ब्लॉक में प्रारंभ किया गया था। अभियान से प्राप्त सफलता को देखकर अगले वर्ष से यह समस्त 313 ब्लॉक में चालू कर दिया गया। श्रीमती दास ने बताया कि बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार/रेफरल सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में प्रतिवर्ष दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा, दस्तक अभियान का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से किया जाता है।

संभागीय आईटीआई में रोजगार मेला आज

रीवा। संभागीय आईटीआई रीवा के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन किया जा रहा है। इसके लिए 26 जून को प्रातः 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि रोजगार मेले में वेसमेट इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा आईटीआई पास एवं 12वी पास प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार का अवसर दिया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव में आवेदन करने के लिए 60 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इसमें आईटीआई के 2022, 2023 और 2024 के विद्यार्थियों को मौका दिया जा रहा है। बीएससी और बीकॉम पास विद्यार्थी भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। कंपनी द्वारा जूनियर एसोसिएट के पद के लिए फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मशीनिस्ट तथा इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए प्रशिक्षणार्थियों की आयु 18-25 वर्ष होना आवश्यक है। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो लेकर आना आवश्यक होगा। चयन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा।

जिले में अब तक 26.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा। जिले में 25 जून को 4.8 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। जिले में हुजूर, गुढ़, सिरमौर तथा सेमरिया तहसीलों में वर्षा दर्ज हुई। अब तक जिले की सभी तहसीलों में वर्षा का क्रम शुरू हो गया है। जिले में एक जून से अब तक 26.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि तहसील हुजूर में 34 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 12 मिलीमीटर, गुढ़ 10 मिलीमीटर, सिरमौर 46.4 मिलीमीटर, त्योंथर 9 मिलीमीटर, सेमरिया 42 मिलीमीटर, मनगवां 22 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 36 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 8 जुलाई तक, प्रतियोगिता 27 जुलाई को

रीवा। मध्यप्रदेश पर्यटन संपदाओं से भरा-पूरा प्रदेश है। प्रदेश के ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थलों एवं प्राकृतिक स्थलों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिले में 27 जुलाई को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस संबंध में अपर कलेक्टर विकास डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं से छात्रों को अवगत कराना है।

अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम, विद्यालयों का पंजीयन 8 जुलाई तक किया जा सकता है। पंजीयन की सुविधा पर्यटन विकास निगम की वेबसाइट पर आनलाइन उपलब्ध है। प्रतियोगिता में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को उचित पुरस्कार दिया जाएगा।

मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

रीवा। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि के उद्देश्य से उन्हें संरक्षण देने हेतु जिले के सभी जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में मत्स्याखेट प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर ने मत्स्योद्योग निगम की 1972 की धारा (2) के तहत उक्त अवधि को क्लोज सीजन घोषित करते हुए आमजन से अपेक्षा की है कि इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें। नियमों के उल्लंघन पर एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रूपये का जुर्माना या दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है।

जन सुनवाई में आमजनता के 104 आवेदनों पर हुई सुनवाई

रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने आमजनता के 104 आवेदनों में सुनवाई की। जन सुनवाई में पीएम किसान सम्मान निधि के तीन आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण कर पात्र किसानों के नाम योजना में शामिल कराए गए। जन सुनवाई में सीमांकन, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, पेंशन, भू अर्जन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई।

जन सुनवाई में गौरीशंकर प्रजापति निवासी ग्राम नेगुरा ने आवासीय पट्टे के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार त्योंथर को मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना के तहत आवेदन दर्ज करने के निर्देश दिए। पीयूष पाठक निवासी पैपखरा ने शासकीय जमीन से अवैध कब्जा हटवाने के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। ममता कुशवाहा निवासी सगरा ने पड़ोसियों द्वारा नाली बंद कर रोकी गई जल निकासी को खुलवाने के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने जनपद पंचायत रीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए। मुमताज खान वार्ड पार्षद नगर पंचायत गुढ़ ने रेणवा नदी में पहली बरसात में बह गए घटिया पिचिंग कार्य की जाँच कराने तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को जाँच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। जन सुनवाई में जगदीश मिश्रा निवासी महमूदपुर ने त्रुटिपूर्ण सीमांकन की जाँच कर उसमें सुधार के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार मनगवां को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। आनंद कुमार पटेल निवासी बरौं ने पैतृक सम्पत्ति में उनका हिस्सा दिलाने के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार सेमरिया को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। लीला सोनी निवासी संसारपुर ने उनकी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया।

पत्थर खदान के लिए जन सुनवाई आगामी 23 जुलाई को

रीवा। मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के ग्राम बीरादेई में 1.091 हेक्टेयर जमीन में पत्थर उत्खनन के लिए आवेदन दिया गया है। इसमें कुल 12 खसरा नम्बर शामिल हैं। खदान की मंजूरी के पूर्व इसकी पर्यावरणीय जन सनुवाई के लिए आगामी 23 जुलाई 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर मऊगंज के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर अशोक ओहरी ग्राम पंचायत भवन परिसर बीरादेई में 23 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से सुनवाई करेंगे।

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के लिये 10 जुलाई तक करें आवेदन

रीवा। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश राज्य सिविल सेवा मुख्य परीक्षा, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा तथा कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित चयन परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। परीक्षा पूर्व यह प्रशिक्षण ज्ञानोदय विद्यालय केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक के पास निःशुल्क दिया जायेगा। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पात्र आवेदक 10 जुलाई तक कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष तथा परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रुपए कम होना आवश्यक है। आवेदक को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की परीक्षा में 55 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना आवश्यक है। यदि आवेदकों की संख्या अधिक हुई तो अंकों के आधार पर सूची तैयार कर अधिकतम अंकों से क्रमशः चयन किया जाएगा। इस संबंध में संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए चयन होने के बाद विद्यार्थी को पाँच सौ रुपए की सुरक्षा निधि तथा अनुबंध जमा करना आवश्यक होगा। सुरक्षा निधि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद वापस की जाएगी। मध्यप्रदेश राज्य सिविल सेवा परीक्षा के लिए प्रशिक्षण की अवधि 12 माह की होगी। बैंकिंग, रेलवे, बीमा, एसएससी एवं कर्मचारी चयन मण्डल की परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण अधिकतम 6 माह का होगा। जिन परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रवेश परीक्षा की अनिवार्यता है उनकी आवेदन के साथ ऑनलाइन पंजीयन का विवरण संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के संबंध में अन्य विवरण टेलीफोन नम्बर 07662-299221 पर संपर्क करके प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ ईमेल पीईटीसीआरईडब्ल्यूए एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर भी भेजे जा सकते हैं।

नए कानूनों के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण सेमिनार आज

रीवा। संसद द्वारा पारित किए गए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एक जुलाई 2024 से प्रभावशील हो जाएंगे। नए कानूनों के संबंध में आनलाइन प्रशिक्षण सेमिनार 26 जून को सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रमुख सचिव गृह विभाग नए कानूनों के संबंध में जानकारी देंगे। प्रशिक्षण में सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारी शामिल होंगे।

भूतपूर्व सैनिकों से विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

रीवा। संचालनालय सैनिक कल्याण अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों में भर्ती के लिए भूतपूर्व सैनिकों से विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पी. गंगा ने बताया कि अधीक्षक, सहायक ग्रेड-2, शीघ्रमुद्रलेखक, सहायक ग्रेड-3, भृत्य तथा चौकीदार सह फर्राश के पदों के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रीवा में 4 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। भूतपूर्व सैनिकों को आवेदन के साथ सेना द्वारा जारी डिस्चार्ज बुक की छायाप्रति, पीपीओ की छायाप्रति, पहचान पत्र एवं पंजीयन की छायाप्रति तथा स्वयं का पता लिखा डाक टिकट लगा लिफाफा संलग्न करना होगा। इस संबंध में विस्तृत विवरण वेबसाइट सैनिक कल्याण डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन पर प्राप्त किया जा सकता है।

38 नियम विरुद्ध संचालित आटो पर परिवहन विभाग और पुलिस की सैयुक्त कार्यवाही

रीवा। शहर में नियम विरुद्ध चलने वाले तीन पहिया ऑटो के ख़िलाफ लगातार जांच अभियान जाती है । शहर में ऐसे तीन पहिया ऑटो जिनके परमिट नगर निगम सीमा के बाहर है ऐसे ऑटो पर जिस यातायात,पुलिस और परिवहन विभाग ने मनगवा ,रायपुर मार्ग में परिवहन कार्यालय रीवा के सामने और गोविन्दगढ़ एवं गड्डी मार्ग पर थाना बिछिया के सामने कार्यवाही की गई। इन मार्ग से गुजरने वाले ऑटो के ख़िलाफ़ विशेष रूप से जांच अभियान चलाया, गया और चालानी कार्यवाही कर उनको हिदायत दी गई की मोटरयान अधिनियम के अनुरूप ही अपने वाहन का परिवहन करे ।जाँच में ऐसे 38 आटो पर चालानी कार्यवाही की गई और 5 आटो मौक़े पर ही जप्त किए गए जिन्हें थाना बिछिया और परिवहन कार्यालय रीवा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया ।जाच के दौरान सभी आटो को समझाइस भी दी गई कि,जिन आटो का परमिट नगर निगम से बाहर नगर पंचायतो के लिए है,वह शहर में परिवहन न करे,अन्यथा इनको बिना परमिट मानकर चालानी कार्यवाही की जायेगी। आज की जाँच में परिवहन विभाग के साथ यातायात पुलिस और बिछिया पुलिस थाने का स्टाफ़ शामिल था जाँच की इस सैयुक्त कार्यवाही में 76600 रुपये का राजस्व अर्जित किया गया ।यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच ने की सुनवाई

रीवा

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच ने आकांक्षी ब्लाक सिरमौर में बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई की। शिविर में चिन्हित बच्चों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही अन्य योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल बोर्ड की टीम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की गयी तथा दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए गये। छात्रवृत्ति वितरण, खाद्यान्न

वितरण, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा यौन दुर्व्यवहार के प्रकरणों की सुनवाई बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच में की गयी।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की बेंच में सिरमौर एवं जवा विकासखण्ड के लगभग एक हजार से अधिक हितग्राहियों की समस्यों का समाधान किया गया तथा जिन समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका उनके लिए समय सीमा निर्धारित की गयी। शिविर में प्राप्त आवेदनों को विभागवार संकलन कर कलेक्टर रीवा के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे। शिविर में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में प्राप्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में समझाइश दी गयी। इस दौरान आयोग के सदस्य श्रीमती मेघा पवार, राष्ट्रीय बाल आयोग राष्ट्रीय बाल आयोग की परामर्शदात्री समिति की सदस्य श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, राष्ट्रीय बाल आयोग के कंसल्टेंट सलाहकार कल्पेंद्र परमार एवं राहुल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडे, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन कल्याण अनिल दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता, एसडीएम आरके सिन्हा, सीईओ जनपद हलधर मिश्रा, एसडीओपी श्री प्रजापति, परियोजना अधिकारी जीवेंद्र सिंह, परियोजना अधिकारी डॉ. शेषनारायण मिश्रा, बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव, बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला सहित बच्चे व उनके परिजन, स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष द्विवेदी सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833